दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित



## जय फिलिस्तीन से लेकर जय हिंदू राष्ट्र तक... लोकसभा में शपथ ग्रहण के दौरान दिखे अलग-अलग रंग

# हंगामेदार रहा शपथ ग्रहण

**एजेंसी । नई दिल्ली**

18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश सहित सहित अन्य राज्यों के नवनिर्वाचित सांसदों ने सदस्यता की शपथ ली। सदस्यों ने हिंदी, अंग्रेजी, मराठी के साथ संस्कृत में भी शपथ ग्रहण किया। शपथ के दौरान किसी ने 'जय भीम' तो किसी ने 'जय हिंदू राष्ट्र' का नारा बुलंद किया। एआईएमआईएम के अध्यक्ष और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ ग्रहण के बाद 'जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना' के साथ 'जय फिलिस्तीन' का नारा बुलंद कर सत्तापक्ष को उत्तेजित कर दिया। भाजपा सांसदों के जबर्दस्त विरोध के बाद आखिरकार 'जय फिलिस्तीन' को रिकॉर्ड से हटाना पड़ा। महाराष्ट्र के हिंगोली से चुनकर आए शिवसेना (यूबीटी) सांसद हिंगोली नागेश आष्टिकर ने जब अपनी शपथ शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के नाम से शुरू की तो कार्यवाहक अध्यक्ष भत्तृहरि महताब ने उन्हें रोका और कहा कि शपथ पत्र पर निर्धारित प्रारूप में मराठी में जो लिखा है, सिर्फ उसे ही पढ़ें। तब आविष्टकर ने दोबारा शपथ पत्र पढ़ा। महाराष्ट्र के अधिकतर सांसदों ने मराठी में शपथ ली तो कुछ ने हिंदी और अंग्रेजी में भी शपथपत्र पढ़ा। हिंदी में सांसदी की शपथ लेने वाले महाराष्ट्र के नवनिर्वाचित सांसदों में रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग से जीते नारायण राणे, अकोला से जीते अनूप धोत्रे, सोलापुर से जीतीं प्रणीति शिंदे, रामटेक से जीते श्याम कुमार बर्वे, सांगली से जीते विशाल पाटील, भंडारा से जीते प्रशांत पडोले, नंदूरबार के गोवल पाडवी आदि का नाम प्रमुखता से शामिल है।





### लंके ने अंग्रेजी में शपथ लेकर चौंकाया

अहमदनगर लोकसभा क्षेत्र से जीतकर आए राकांपा (शरद) के नीलेश लंके अंग्रेजी में शपथ लेकर आज चर्चा में रहे। दरअसल लंके ने यह सीट भाजपा के तेजतर्रार उम्मीदवार सुजय विखे पाटील को हराकर जीती है। चुनाव के दौरान सुजय विखे ने यह कहकर लंके का मजाक उड़ाया था कि ये अंग्रेजी में कैसे बात करेगा? माना जा रहा है कि लंके ने अंग्रेजी में शपथ लेकर सुजय विखे को करारा जवाब दिया है। शपथ लेने के बाद लंके ने 'जय हिंद, जय महाराष्ट्र और रामकृष्ण हरी' के नारे के साथ सबका अभिवादन किया।

### संविधान की कॉपी दिखाकर राहुल ने ली शपथ

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संविधान की कॉपी लहराते हुए सदस्यता की शपथ ली। शपथ के बाद राहुल ने 'जय हिंद, जय संविधान' का नारा बुलंद किया। इस दौरान कांग्रेस के अन्य सांसद 'भारत जोड़ो' के नारे लगाते नजर आए। राहुल गांधी को शपथ लेते देखने के लिए सदन की विशिष्ट दीर्घा में यूपीए की अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी विशेष रूप से मौजूद रहीं। सपा के अधिकतर सांसदों ने शपथ के बाद 'नेताजी अमर रहें', 'अखिलेश यादव जिंदाबाद' के नारे लगाए।

## घाटकोपर होर्डिंग हादसा: IPS खालिद सस्पेंड

**धीरज सिंह । मुंबई**

मुंबई के घाटकोपर होर्डिंग हादसे को लेकर बड़ा एक्शन हुआ है। इस केस में IPS कैसर खालिद को सस्पेंड कर दिया गया है। खालिद रेलवे सीपी थे और उन्होंने वहां होर्डिंग लगाने की अनुमति दी थी। महाराष्ट्र सरकार ने IPS मोहम्मद कैसर खालिद के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का फैसला किया है। उन्होंने डीजीपी कार्यालय की मंजूरी के बिना अपने आप होर्डिंग को मंजूरी दी थी। इसमें प्रशासनिक चूक और अनियमितताएं पाई गई हैं।



**पुलिस महानिदेशक की अनुमति बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे खालिद :** सरकारी आदेश में कहा गया है कि जिस अवधि तक यह आदेश लागू रहेगा, उस दौरान मोहम्मद कैसर खालिद का हेडक्वार्टर मुंबई पुलिस महानिदेशक का ऑफिस होगा। वे मुंबई पुलिस महानिदेशक की अनुमति बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। निलंबन के दौरान खालिद को कोई निजी नौकरी स्वीकार करने अथवा किसी अन्य व्यापार अथवा व्यवसाय करने की अनुमति नहीं होगी। इस शर्त का उल्लंघन कदाचार माना जाएगा, जिसके तहत उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## स्मृति विशेष : अलविदा शायर-ए-आज़म

**एजेंसी । नई दिल्ली**

मोहब्बत में लगे ज़ख्मों को हर्फ़ों में पिरोकर हमारे और आपके लिए छोड़ गया वह शायर, जिसे नगमों की दुनिया हस्तीमल हस्ती कहती है। हस्तीमल हस्ती राजसमन्द ज़िले के आमेट में जन्मे, कारोबार के सिलसिले में मुंबई आए, ज़ेवरात का कारोबार किया, एक ईमानदार सरकारी मुलाज़िम की तरह सुबह दस से शाम सात बजे तक का पूरा वक़्त वे अपने कारोबार को देते और अपनी ग़ज़ल के लिए वक़्त वे रात के सीने को चीर के निकालते थे। हस्तीमल की अदब



मिज़ाजी ने आगे चलकर उन्हें ग़ज़ल का ऐसा जौहरी बना दिया कि वे पीतल की तरह दिखने वाले बेजान से मफ़हूम को भी अपनी कहन की कारीगरी से चांदी की ख़ूबसूरत ग़ज़ल सरीखी पाज़ेब में गढ़ने लगे। पिछले 5 दशक से मुंबई में सक्रिय रहकर साहित्य सेवा में लगे थे। फ़ोन पर उनसे कई दफा बात हुई। फिर मैं प्रिंट मीडिया के मेन स्ट्रीम में आ गया। संपर्क टूटता गया। इतने लोगों से घिरते गए कि भूल गए इस शहर में कोई 'हस्ती' भी रहता है। अब जब पता चला कि हस्तीमल हस्ती नहीं रहे, तो एक मलाल के सिवाय कुछ नहीं रहा अपने पास। वो लिखते हैं कि लंबी दूरी तय करने में वक्त तो लगता है। लेकिन हमारी बीच इतनी दूरी भी तो नहीं थी कि मिला न जा सके। महज 4 स्टेशनों का फासला था। काश इस सर्द शहर में आपकी मौत एक अफवाह हो।

**अलविदा शायर-ए-आज़म...**

## गैंगस्टर अबू सलेम को झटका

### तलोजा से दूसरी जेल में शिफ्ट न करने की याचिका खारिज

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

गैंगस्टर अबू सलेम को नवी मुंबई के तलोजा जेल से दूसरी जेल में न भेजने की याचिका को सेशन कोर्ट ने खारिज कर दिया है। दअरसल, अबु सलेम ने मुंबई सेशन कोर्ट में याचिका दायर की थी कि उसे दूसरी जेल में शिफ्ट ना किया जाए। सलेम को लगता है कि अगर उसे तलोजा जेल से किसी दूसरे जेल में स्थानांतरित किया जाता है तो इससे उसकी जान को ख़तरा हो सकता है। हालांकि कोर्ट ने कहा है कि 3 जुलाई तक अबु सलेम को तलोजा से किसी दूसरे जेल में शिफ्ट ना किया जाए। जेल प्रशासन की तरफ से अबु



सलेम की ओर से दायर की गई याचिका का विरोध किया गया। याचिका का विरोध करते हुए जेल प्रशासन की तरफ से कहा गया कि जेल में बंद कैदियो की एक जेल से दूसरे जेल में स्थानांतरित किया जाना आम बात है।

### तलोजा जेल में बंद है अबू सलेम

गैंगस्टर अबू सलेम की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि तलोजा जेल से बाहर शिफ्ट करने का निर्णय उन्हें मारने की साजिश थी क्योंकि कुछ महीनों में उनके रिहा होने की संभावना है। वर्तमान जेल उनके लिए बहुत सुरक्षित थी और अन्य जेलों में प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों द्वारा उन पर हमला किया जा सकता है। जेल प्रशासन ने कोर्ट को बताया कि उसकी वर्तमान कोठरी को फिर से बनाने की जरूरत है, और तलोजा में उसके लिए कोई अन्य सुरक्षित कोठरी नहीं है। जस्टिस बी डी शेल्के ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद सलेम की याचिका खारिज कर दी। आपको बता दें कि, अबु सलेम 1993 के मुंबई बम विस्फोट और अन्य मामलों में शामिल होने के कारण नवी मुंबई की तलोजा जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। उसे 2005 में पुर्तगाल से भारत प्रत्यर्पित किया गया था। इसके बाद से वो इसी जेल में बंद है।

**स्मृति विशेष : मयंक सक्सेना**

## अलविदा मेरे हीरो!

**नई दिल्ली।** कवि, पटकथा लेखक, पत्रकार और एक्टिविस्ट मयंक सक्सेना का मंगलवार को निधन हो गया। उन्हें अस्थमा की बीमारी थी। इस बीच डॉक्टर ने उन्हें हार्ट का चेक अप कराने की भी सलाह दी थी। अभी वह इस प्रक्रिया में ही थे कि तभी वह हॉर्ट अटैक के शिकार हो गए और इस दुनिया में नहीं



रहे। मयंक अपने धुन के बेहद पक्के आदमी थे। इंसाफ और न्याय की लड़ाई में बेहद जुनूनी और उसको हासिल करने के लिए किसी भी हद तक पार कर जाने वाले इंसान। इस दौर में जब कि सत्ता बेहद क्रूर हो गयी थी और तानाशाही का हर रूप समाज और राजनीति में अपना पैर पसार चुका था। तब उन्होंने उसके खिलाफ समझौता विहीन संघर्ष करने का संकल्प लिया और अपनी प्रतिभा के विभिन्न रूपों के जरिये वह उस काम को अंजाम दे रहे थे। मीडिया की दमघोंटू दुनिया में मयंक सक्सेना एक ताज़ा हवा के झोंके समान थे। ज़िंदादिल, हिम्मती, ख़ुशमिज़ाज। हमेशा कुछ नया विचार और उम्मीद लेकर किताबों में डूबा, विचारों से लबरेज़। अलविदा नहीं सलाम मयंक भैया..

**पुणे पोर्श कांड**

## नाबालिग की होगी रिहाई

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड को लगाई फटकार, नाबालिग को दी जमानत

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

पुणे पोर्श एक्सीडेंट केस में बॉम्बे हाईकोर्ट ने 25 जून को आरोपी नाबालिग को जमानत दे दी है। साथ ही उसे बाल सुधार गृह से तुरंत रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि हमें आरोपी के साथ वैसे ही पेश आना होगा, जैसे हम कानून का उल्लंघन करने वाले किसी और बच्चे के साथ पेश आते। फिर चाहे अपराध कितना भी गंभीर क्यों न हो। 19 मई को पुणे में दो इंजीनियरों को कुचलने वाले नाबालिग को विवाद बढ़ने पर अरेस्ट किया गया था। इससे पहले उसे जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने निबंध लिखने की सजा सुनकर रिहा कर दिया था। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजूषा देशपांडे की पीठ ने कहा कि हम कानून, किशोर न्याय अधिनियम के उद्देश्यों और उद्देश्यों से बंधे हैं। हमें उसे ए बच्चे के रूप में मानना होगा। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि किशोर न्याय बोर्ड (जेजे बोर्ड) का उसे ऑब्जरवेशन होम में भेजने का आदेश सही नहीं था। यह अधिकार क्षेत्र के बिना पारित किया गया था। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किशोर पुनर्वास के अंतर्गत है। आगे भी उसके मनोवैज्ञानिक के पास सत्र जारी रहेंगे। यही प्राथमिक उद्देश्य है।

### 18 साल से कम है उसकी आयु



हाईकोर्ट ने कहा कि सीसीएल (कानून के साथ संघर्षरत बच्चा) 18 वर्ष से कम आयु का है। उसकी आयु पर विचार किया जाना चाहिए। नाबालिग की रिहाई के लिए उसकी बुआ ने हाईकोर्ट में गुहार लगाई थी। इसी याचिका पर कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। नाबालिग अभी फिलहाल अपनी बुआ के पास रहेगा। उसके परिवार के लोग अभी हिरासत में हैं। नाबालिग के वकील ने कहा कि 18 साल की कम उम्र के बच्चे को हिरासत में नहीं लिया जा सकता है। जिस तरह से इस मामले में उसे हिरासत में लिया गया था। याचिका में कहा गया है कि किशोर को निगरानी गृह में भेजने का आदेश किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 का पूरा उल्लंघन है। हाईकोर्ट ने नाबालिग की जमानत मंजूर रखते हुए कहा है कि उसके काउंलिंग जारी रहनी चाहिए।

### तीन रिमांड को दी थी चुनौती

हाईकोर्ट से बेल मिलने के बाद अब नाबालिग की सुधार गृह से तुरंत रिहाई हो सकेगी। पुलिस का दावा है कि पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को शराब के नशे में कार चला रहे नाबालिग आरोपी ने अपनी पोर्श कार से एक बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी। नाबालिग आरोपी के वकील की तरफ जेजे बोर्ड द्वारा दी गई तीन रिमांड को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने पुणे पोर्श कांड के आरोपी नाबालिग को जमानत ऐसे वक्त पर मिली है जब एक दिन पहले ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पुणे पोर्श कार हादसे में जान गंवाने वाले पीड़ित के परिवार को आश्वासन दिया है कि सरकार इस मामले में उनके लिए न्याय सुनिश्चित करेगी। सीएम शिंदे ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये का चेक भी दिया था।

सत्यमेव जयते
महाराष्ट्र शासन

थोर कल्याणकारी लोकराजाला जयंतीनिमित्त मानाचा मुजरा!



२६ जून
राजर्षी छत्रपती शाहू महाराज जयंती

www.mahasamvad.in | /MahaDGIPR | /MaharashtraDGIPR

माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय - महाराष्ट्र शासन

DGIPR-2024-25/D460

# फर्जी कॉल सेंटर का किया भंडाफोड़

## इंदौर से हो रहा था संचालित 1 गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई**

नवी मुंबई पुलिस ने मध्य प्रदेश के इंदौर से संचालित एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। साथ ही 27 साल के एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस एक अधिकारी ने मंगलवार को जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस ने यह कार्रवाई ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग धोखाधड़ी मामले की जांच के तहत की है। उन्होंने बताया कि



इसके साथ ही पुलिस ने मामले के सिलसिले में अब तक कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

### आरोपियों ने कंप्यूटर को कर दिया फॉर्मेट

अधिकारी ने आगे बताया, गिरफ्तार आरोपियों ने कंप्यूटर को फॉर्मेट कर दिया था और सारा डेटा डिलीट कर दिया था। पुलिस अब डेटा को पुनः प्राप्त करने का प्रयास कर रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ऐसे कार्रवाई आगे भी करती रहेगी।

### 10 डेस्कटॉप, 10 सीपीयू और दो राउटर जब्त

एक अधिकारी ने बताया, जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की पहचान यश उंबराकर के रूप में की और उसे मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया। उसके द्वारा संचालित फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया गया। कार्रवाई के दौरान दस डेस्कटॉप, 10 सीपीयू, दो राउटर जब्त किए गए हैं।

### पहले भी हुआ था एक कॉल सेंटर का भंडाफोड़

ईएमसी साइबर सेल की इंस्पेक्टर दीपाली पाटिल ने कहा, पुलिस ने पहले भी एक कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया था और आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार होने वाला यह नौवां शख्स है। गिरफ्तारी पनवेल पुलिस के साइबर सेल के इलेक्ट्रॉनिक मॉनिटरिंग सेल (ईएमसी) के अधिकारियों ने की है और कामोठे पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।

# पूर्व पार्षद तथा फैमिली पर 2 करोड़ के घोटाले का मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

राज्य में कोंकण विभाग में 24 जून 2024 को रायगढ़ जिले में कर्जत में भूमि कर अधिकारी बालाजी राउत पर 13 लाख रुपए के भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी के बाद कल 24 जून को ही एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा ठाणे जिले में भिवंडी के तत्कालीन मनोनीत पार्षद 64वर्षीय सिद्धेश्वर मोगलप्पा कामूर्ति और उनके परिवार के अन्य चार सदस्यों पर दो करोड़ 14 लाख 33 हजार 734 रुपए के घोटाले किए जाने पर 24जून 2024को ठाणे ब्यूरो द्वारा भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में रिश्वत जमा करने का मामला दर्ज किया गया है।

### क्या है मामला?

ठाणे स्थित एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा मंगलवार को दी गई जानकारी के अनुसार भिवंडी निजामपुरा महानगर पालिका परिषद के पार्षद सिद्धेश्वर कामूर्ति पर ठाणे एसीबी द्वारा विगत सन 1985 से सन 14 अक्टूबर 2021 के मध्य तत्कालीन पार्षद सिद्धेश्वर कामूर्ति के द्वारा अपने पद का दुरपयोग कर स्वयं तथा परिवार के लिए दो करोड़ 14 लाख 33 हजार 734 रुपए जुटाए थे ,जो की कुल बजट अथवा उत्पन्न राशि का 29प्रतिशत होता है ,यह राशि गैर कानूनी तरीके से जमा की गई थी। तत्कालीन पार्षद सिद्धेश्वर कामूर्ति के अलावा उनकी पत्नी 62वर्षीय कावेरी कामूर्ति के अलावा तीनों पुत्र 36वर्षीय श्रीकांत कामूर्ति ,35वर्षीय संकेत कामूर्ति और 32वर्षीय निशिकांत कामूर्ति (सभी निवासी मोगलक्ष्मी बंगला 316तेलीपाड़ा भिवंडी) को भी आरोपी बनाया गया है। भ्रष्टाचार के इस संगीन मामले में ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो के पुलिस निरीक्षक स्वप्निल जयुईकर ने सरकार की तरफ से फरियादी बनकर तत्कालीन पार्षद सिद्धेश्वर कामूर्ति सहित परिवार के पांचों सदस्यों पर कल 24जून 2024को भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में भ्रष्टाचार विरोधी अधिनियम 1988के तहत मामला दर्ज कराया है। इस मामले की जांच ठाणे एसीबी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जागड़े कर रहे हैं।

# राणा दंपत्ति को कोर्ट से राहत बरकरार

## चार सप्ताह में मामले की होगी अगली सुनवाई



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने हनुमान चालीसा मामले में पूर्व सांसद नवनीत राणा और विधायक रवि राणा को राहत बरकरार रखा है। अदालत ने सेशन कोर्ट की कार्रवाई पर रोक जारी रखा है। याचिका में खार पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर गलत बताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। चार सप्ताह में मामले की अगली सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति एस. एम. मोडक की एकलपीठ के समक्ष मंगलवार को नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा की दायर याचिका पर सुनवाई हुई। पीठ ने सरकारी वकील से राणा दंपति के खिलाफ दर्ज मामले के विषय में पूछा। सरकारी वकील ने बताया कि याचिकाकर्ताओं की गतिविधियों से कानून व्यवस्था को खतरा हो सकता था। जब पुलिस उन्हें हिरासत में ले कर खार पुलिस स्टेशन लाया जा रहा था, तब वह पुलिस को सहयोग नहीं किया। उन्होंने पुलिस के साथ धक्का मुक्की की। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद है। राणा दंपति के वरिष्ठ वकील रिजवान मर्चेंट नहीं पहुंच सके। उनके के सहायक वकील ने अदालत से अगली तारीख की मांग की। इस पर अदालत ने उस पर नाराजगी जताते हुए दंड लगाने की बात कही। अदालत ने चार सप्ताह में मामले की अगली सुनवाई रखी है।

### हनुमान चालीसा पढ़ने के मामले में बरी करने की मांग

सेशन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश आर.एन.रोकड़े ने राणा दंपति के मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा पढ़ने के मामले में दायर याचिका खारिज कर दी थी। याचिका में दावा किया गया था कि पुलिस ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर गलत है। खार पुलिस ने मई 2022 में राणा दंपति को कथित रूप से विभिन्न समुदाय के बीच दुश्मनी पैदा करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राणा दंपति ने बांद्रा स्थित तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने की घोषणा की थी। इसके बाद शिवसेना कार्यकर्ताओं उनके खिलाफ प्रदर्शन किया था।

# विवाहिता की हत्या, आरोपी हुआ गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता | पालघर**

पालघर जिले के एक गांव में 32 वर्षीय विवाहिता की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का कथित तौर पर विवाहिता के साथ प्रेम संबंध था। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय पवार ने बताया कि आरोपी की पहचान शेखर कदम के तौर पर की गई है और उसे विरार के फूलपाडा में महिला की गला घोंटकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मृतका के पति की शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई है।





### केस डायरी

अधिकारी ने बताया कि महिला अपने पति और दो बच्चों के साथ रहती थी जबकि आरोपी भी पिछले कई साल से पीड़िता के घर के पास ही अपनी पत्नी और एक बेटी के साथ रहता था। उन्होंने बताया कि समय के साथ आरोपी का महिला के घर आना-जाना शुरू हो गया जिससे महिला के पति को उसके चरित्र को लेकर शक पैदा हुआ। अधिकारी ने बताया कि महिला के पति ने उसे कदम से नहीं मिलने को कहा, जब इसकी जानकारी कदम को हुई तो उसने उसे धमकी दी। पवार ने शिकायतकर्ता के हवाले से बताया कि उसकी पत्नी ने बताया था कि उसका आरोपी के साथ प्रेम संबंध है। प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी सोमवार दोपहर महिला के घर गया और शाम तक वहीं रहा। इस दौरान उनकी बहस हुई और उसने महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी।

# शिक्षकों की उचित नियुक्ति को लेकर सरकार को ज्ञापन



**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

मानसून सत्र में एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए आयटा भिवंडी द्वारा भिवंडी पूर्व विधायक रईस शेख को एक ज्ञापन सौंपा गया। हाल के दिनों में पवित्र पोर्टल के माध्यम से विभिन्न माध्यमों के स्कूलों में दूसरे माध्यमों के शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है, जो सरकार के विभिन्न जीआर के विरुद्ध है। इस संबंध में आयटा ने मानसून सत्र में इस महत्वपूर्ण विषय को उठाने के लिए लगभग 150 पृष्ठों वाले सरकार के विभिन्न जीआर और अन्य दस्तावेज सौंपे हैं। इस अवसर पर आयटा भिवंडी का प्रतिनिधित्व प्राचार्य जियाउर रहमान अंसारी, अब्दुल मजीद अंसारी, सज्जाद अख्तर, शमीम अहमद अंसारी और इमरान मोमिन ने किया। विधायक रईस शेख के अलावा मुंबई और अन्य जगहों पर भी जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा गया है।

# मोटर साइकिल सवार को घायल कर 60 हजार की लूट

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी के रांजनोली नाका स्थित ठाणे जा रहे मोटर साईकिल सवार व उसके मित्र को तीन अज्ञात व्यक्तियों ने मार कर घायल कर दिया और 60 हजार रूपये लूट कर फरार हो गया है। कोनगांव पुलिस ने तीनों अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### तीनों अज्ञात लुटेरों की तलाश जारी

पुलिस के अनुसार पाचपाखाड़ी थाने निवासी सुभम गुलाब कनोजिया 28 वर्ष व उनके मित्र संतोष कल रात मोटर साईकिल से थाने जा रहे थे और जैसे ही वे रांजनोली नाका स्थित टाटा अमंत्रा के गेट नंबर दो के पास पहुंचे तभी तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हे रोका और कहा की यह मोटर साईकिल चोरी की है। जिसके बाद उन्होंने सुभम कनोजिया और उनके मित्र को लोहे को रॉड से मारा कर जख्मी कर दिया और मोटर साईकिल की डिक्की में रखा 60 हजार रूपये लेकर फरार हो गए है। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती किया गया है। और इस मामले में कोनगांव पुलिस ने सुभम कनोजिया की शिकायत पर तीनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गुनाह रजिस्टर नंबर 737/2024 में भादवि कलम 394, 323, 34 के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को तलाश कर रही है। आगे की कार्रवाई पुलिस हवलदार रायते कर रहे है।

# महाराष्ट्र की सियासत में शरद पवार का एक और दांव

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में बड़े उठापटक के संकेत मिल रहे हैं। अजित पवार गुट के कुछ विधायकों के शरद पवार खेमे में जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। विधानसभा चुनाव से पहले अटकलों ने डिप्टी सीएम अजित पवार की चिंता बढ़ा दी। इस बीच एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष ने स्पष्ट कर दिया कि कौन विधायक पार्टी में शामिल हो सकते हैं और कौन नहीं?

### लोकसभा चुनाव में अजित गुट को लगा झटका

आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव में अजित पवार गुट का प्रदर्शन खराब रहा। ऐसे में अब कयास लगाए जा रहे हैं कि अजित गुट के कुछ विधायक विधानसभा चुनाव से पहले शरद गुट में लौटने के इच्छुक हैं। एनसीपी ने चार सीटों में सिर्फ एक सीट पर जीत हासिल की, जबकि एनसीपी (SP) के 10 उम्मीदवारों में 8 को जीत मिली।

### अजित पवार ने राज्य मंत्री पद ठुकराया



मोदी 3.0 कैबिनेट में अजित पवार की एनसीपी के प्रफुल्ल पटेल को राज्य मंत्री का पद ऑफर किया गया था। हालांकि, उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने यह कहते हुए इसे ठुकरा दिया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री का पद स्वीकार करना उनके लिए डिमोशन माना जाएगा, क्योंकि वे पहले केंद्र में कैबिनेट मंत्री थे।

### शरद पवार ने क्या कहा?



शरद पवार ने मुंबई में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जो नेता या विधायक पार्टी को कमजोर करना चाहते हैं, उन्हें शामिल नहीं किया जाएगा। लेकिन, जो लोग संगठन को मजबूत करने में मदद करेंगे और पार्टी की छवि को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे, ऐसे ही नेताओं को पार्टी में एंट्री मिलेगी। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से बात करने के बाद ही यह भी फैसला लिया जाएगा।

# जनवरी-अप्रैल के चार महीने में 838 किसानों ने की खुदकुशी


## औसतन सात किसान रोज दे रहे जान

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के दौरान महाराष्ट्र में जनवरी से अप्रैल 2024के बीच 838 किसानों ने आत्महत्या की है।जनवरी में 235, फरवरी में 208, मार्च में 215 और अप्रैल में 180 किसानों ने जान गंवाई है। यानीइन चार महीनों में प्रतिदिन औसतन 7 किसानों ने आत्महत्या की है। राज्य के अमरावती विभाग में सबसे ज्यादा383 और छत्रपति संभाजीनगर विभाग में 267 किसानों ने खुदकुशी की है। नागपुर विभाग में 84, नाशिक विभाग में 97 और पुणे विभाग में महज 7 किसानों ने आत्महत्या की है। वहीं कोंकण अंचल में किसानों की आत्महत्या का प्रमाण शून्य है। जिला स्तरीय समितियों के पास जनवरी से अप्रैल के बीच किसान आत्महत्या के 838 प्रकरण मिले थे। जिसमें 171 किसान आत्महत्या के प्रकरण वैध पाए गए हैं। इसमें से 104 किसानों के परिजनों को राज्य सरकार की योजना के तहत एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान कर दी गई है। जबकि 62 किसान आत्महत्या के प्रकरणों को खारिज कर दिया गया है। वहीं 605 किसान आत्महत्या के प्रकरणों में कागजात की छानबीन चल रही है। अधिकारी ने कहा कि कर्ज के बोझ, कर्ज वापस नहीं कर पाने और फसलों की पैदावार न होने के कारण आत्महत्या करने वाले किसानों के परिजनों को ही आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

**जनवरी से अप्रैल के बीच किसानों की आत्महत्या**

| विभाग | किसान आत्महत्या |
|---|---|
| अमरावती विभाग | 383 |
| छत्रपति संभाजीनगर विभाग | 267 |
| नागपुर विभाग | 84 |
| नाशिक विभाग | 97 |
| पुणे विभाग | 7 |
| कोंकण विभाग | 0 |
| कुल | 838 |



### अमरावती-यवतमालजिले में सबसे अधिक आत्महत्या

राज्य में जनवरी से अप्रैल के बीच सबसे ज्यादा किसान आत्महत्या अमरावती जिले में हुई है। इन चार महीनों में अमरावती में 116, यवतमाल में 108,वाशिम में 77, जलगांव में 62, बीड़ में 59, छत्रपति संभाजीनगर में 44, धाराशिव में 42, वर्धा में 39, नांदेड़ में 41, बुलढाणा में 18, धुलिया में 16, नागपुर में 15, अहमदनगर में 14 किसानों ने आत्महत्या की है।

# अर्नाला समुद्र तट पर मृत मिली विशाल व्हेल मछली



**दोपहर संवाददाता | पालघर**

अर्नाला के तट पर एक विशाल मृत व्हेल पाई गई है। यह मामला स्थानीय मछुआरों के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने प्रशासन को इसकी जानकारी दी। इस बीच इस विशालकाय व्हेल को देखने के लिए इलाके के नागरिकों की भी भीड़ उमड़ती नजर आई। पालघर जिले के विरार में अर्नाला किले के पास समुद्र तट पर एक बड़ी व्हेल मृत मिली। व्हेल ज्वार के साथ गहरे समुद्र से बहकर ऊपर आ गई है। गहरे समुद्र की यह विशाल मछली 25 फीट से अधिक लंबी है। यह विशाल मछली अरनाला किले के दक्षिण में हनुमंत बुरुजा के नीचे पाई गई है। समुद्र तट पर दफनाया जाएगा। पता चला है कि यह व्हेल वयस्क है और सबसे बड़ी मछली प्रजातियों में से एक है। बताया जा रहा है कि अर्नाला मरीन पुलिस और राजस्व प्रशासन द्वारा जेसीबी की मदद से मृत व्हेल को समुद्र तट पर दफनाया जाएगा।

### मौत का कारण पता लगाने जांच करेगा विभाग

व्हेल एक समुद्री स्तनपायी है और इसे सबसे बड़ी मछली के रूप में जाना जाता है। वन विभाग मौत के कारण का पता लगाने के लिए जांच करेगा साथ ही इस बात की जांच कर रहा है कि इतनी बड़ी मछली मृत अवस्था में किनारे क्यों आ गई। उधर इस मछली के मिलने के बाद अर्नाला के ग्रामीण मछली को देखने के लिए उमड़ पड़े। व्हेल का मृत शरीर भी काफी खतरनाक होता है और यह एक बम विस्फोट की तरह कई लोगों की जान भी ले सकता है। मरने के बाद व्हेल की बॉडी के पास जाना और भी ज्यादा खतरनाक हो जाता है।

# नीट विवाद : कोर्ट ने शिक्षक को दो जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजा

**मुंबई/लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर शहर की एक अदालत ने नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में जिला परिषद स्कूल के एक शिक्षक को मंगलवार को दो जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने सोमवार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए संजय जाधव को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया। आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने मामले के चार आरोपियों में से अब तक जिला परिषद स्कूल के प्रधानाध्यापक जलील खान उमर खान पठान और जाधव को गिरफ्तार किया है। जांच में यह सामने आया है कि कम से कम चार लोग मिलकर एक गिरोह चला रहे थे, जो पैसे देकर परीक्षा पास करने के इच्छुक नीट छात्रों की मदद करता था। पठान को सोमवार को दो जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

# महाराष्ट्र पर दिल्ली में कांग्रेस का महामंथन

## कांग्रेस नेतृत्व ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की

**मुंबई।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के नेताओं के साथ बैठक की जिसमें कुछ महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गयी। खरगे ने कहा कि महाराष्ट्र ने इस लोकसभा चुनाव में बदलाव का स्पष्ट संदेश दिया है।पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले, प्रदेश प्रभारी रमेश चेन्निथला तथा कई अन्य नेता शामिल हुए।

बैठक के बाद खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''महाराष्ट्र में हम लोकसभा चुनाव बिलकुल विपरीत परिस्थिति में लड़े। मैं पार्टी के अच्छे प्रदर्शन के लिए महाराष्ट्र कांग्रेस के हर एक नेता, कार्यकर्ता को बधाई देता हूं, बूथ एजेंट को बधाई देता हूं। हम महाराष्ट्र की जनता को धन्यवाद करते हैं। कांग्रेस ने महाराष्ट्र को देश का सबसे समृद्ध और विकासशील राज्य बनाया था, पर भाजपा की सरकार ने उद्योग चौपट कर दिए, और जनता को बेरोजगारी और महंगाई के कुचक्र में धकेल दिया है। किसानों के साथ सबसे ज्यादा अन्याय हुआ है। हमें चुनाव की तैयारियों में लग जाना है।

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** बहुत से लोग बड़ी खुशी की उम्मीद में छोटी खुशियां खो देते हैं : पर्ल एस. बक

## निजी कंपनी के महाप्रबंधक के साथ साइबर धोखाधड़ी

### OTP के बिना खाते से 8.56 लाख रुपए हुए ट्रांसफर

**मुंबई।** देश में साइबर क्राइम एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। साइबर क्राइम की घटनाओं में कमी आने का नाम ही नहीं है। मुंबई में साइबर क्राइम का एक मामला फिर से सामने आया है। एक निजी कंपनी के महाप्रबंधक के बैंक खाते से बिना ओटीपी नंबर की जानकारी के विशाल नाम के एक अज्ञात व्यक्ति के खाते में 8.56 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए गए हैं।

इस मामले में शिकायत के बाद डिंडोशी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और बैंक लेनदेन के जरिए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता की उम्र 63 साल है, वह दहिसर में रहते हैं और गोरेगांव में एक निजी कंपनी में जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

मिली जानकारी के अनुसार 3 जून को जब शिकायतकर्ता अपनी कंपनी में काम कर रहा था, तब एक व्यक्ति ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करना चाहता था। तभी उन्हें मैसेज आया कि उनके खाते से 5 लाख 25 हजार रुपए किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हो गए हैं। कुछ देर बाद फिर मैसेज आया कि 3 लाख 31 हजार रुपए किसी अज्ञात व्यक्ति को ट्रांसफर कर दिए गए हैं। बैंक खाते से विशाल कुमार नामक व्यक्ति के बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 8 लाख 56 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए गए।

## इंजीनियरिंग-फार्मेसी में दाखिले की प्रवेश परीक्षा के नतीजे पर सवाल, मिले अंक बताने की मांग

दोपहर संवाददाता । मुंबई

इंजीनियरिंग और फार्मेसी में दाखिले से जुड़ी प्रवेश परीक्षा के नतीजों को लेकर जारी विवाद के बीच एमएचटी-सीईटी सेल ने मंगलवार को 100 पर्सेंटाइल स्कोर हासिल करने वाले परीक्षार्थियों की शिफ्ट के मुताबिक जानकारी सार्वजनिक की। इन विद्यार्थियों ने किस तारीख को, किस समय पर परीक्षा दी थी, यह जानकारी भी सीईटी सेल ने दी है। बावजूद इसके अभिभावकों की चिंता का समाधान नहीं हुआ है। एक अभिभावक ने कहा कि सीईटी सेल ने जो जानकारी सार्वजनिक की है, वह किसी काम की नहीं है। कायदे से हर शिफ्ट में सबसे ज्यादा स्कोर करने वाले विद्यार्थी



के अंक और कितने विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, यह जानकारी देनी चाहिए। हर बैच के टॉपर का नाम जानकर हम क्या करेंगे? हमें पहले से पता है कि 37 विद्यार्थियों ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं।

# सूर्यकांता पाटिल की घर वापसी

### शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी में लौटी पूर्व मंत्री सूर्यकांता पाटिल

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों के बाद बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। पूर्व राज्य मंत्री और हिंगोली से सांसद रह चुकी सर्यकांता पाटिल ने घर वापसी कर ली है। पाटिल 10 साल के अंतरात के बाद फिर से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) में लौटी हैं। उन्होंने शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी में फिर से सदस्यता ग्रहण की है। पाटिल ने 24 जून को बीजेपी से इस्तीफा दे दिया था। सूर्यकांता पाटिल का नांदेड़ क्षेत्र में अच्छा प्रभाव माना जाता है। उनके बीजेपी छोड़ने पर अटकलें लगी थीं कि वह एनसीपी में वापसी कर सकती हैं जो सही साबित हुईं। सूर्यकांता पाटिल के एनसीपी में लौटने पर पार्टी के प्रदेश प्रमुख जयंत पाटिल ने उनका स्वागत किया है। इस मौके पर शरद पवार भी मौजूद रहे।



### कौन है सूर्यकांता पाटिल?

सूर्यकांता पाटिल ने 2014 में राष्ट्रवादी कांग्रेस को छोड़कर बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की थी। 1980 में पाटिल पहली बार विधायक चुनी गई थी। तक वह हडगांव से जीती थीं। इसके बाद उन्हें कांग्रेस पार्टी ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया। 1991, 1998 और 2004 में वह लोकसभा सांसद चुनी गईं। वह 2009 में एनसीपी में चली गईं और लोकसभा चुनाव लड़ीं और हार गईं। 2014 में, वह भाजपा में शामिल हो गईं और एक दशक तक पार्टी से जुड़ी रहीं। पाटिल ने हिंगोली-नांदेड़ निर्वाचन क्षेत्र का चार बार सांसद और एक बार विधायक के रूप में प्रतिनिधित्व किया। वह यूपीए सरकार के दौरान ग्रामीण विकास और संसदीय मामलों की राज्य मंत्री भी थीं। लोकसभा चुनाव से पहले सीट बंटवारे की व्यवस्था के दौरान, हिंगोली सीट एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के लिए छोड़ दी गई थी। बीजेपी ने उन्हें हदगांव हिमायतनगर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी थी। शिवसेना हिंगोली सीट उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट से हार गई थी।

### बीजेपी छोड़ने पर दी थी प्रतिक्रिया

बीजेपी छोड़ने के बाद सूर्यकांता पाटिल ने कहा था कि मैंने पिछले 10 सालों में बहुत कुछ सीखा है, मैं पार्टी का आभारी हूं। 1970 में जनसंघ से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाली पाटिल का इस्तीफा पार्टी के लिए एक बड़ा झटका था। अपने त्यागपत्र में उन्होंने कहा कि उन्होंने राज्य बीजेपी प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले से व्यक्तिगत मुलाकात करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें मुलाकात का समय नहीं मिल सका। पाटिल ने एनसीपी में आने के बाद शरद पवार पवार और जयंत पाटिल ने उनके नेतृत्व कौशल की प्रशंसा की और कहा कि उनकी वापसी से नांदेड़, हिंगोली, परभणी, बीड और अन्य जिलों में पार्टी की संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा।

## 'मराठी भाषियों के लिए नए प्रोजेक्ट्स में आरक्षित हों 50 फीसदी घर'

### शिवसेना यूबीटी नेता अनिल परब ने की मांग

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता अनिल परब ने सोमवार को कहा कि मुंबई की नई आवासीय परियोजनाओं में 50 प्रतिशत घर मराठी भाषी लोगों के लिए आरक्षित किए जाएं। इनकी संख्या महानगर में घट रही है। मीडिया से बातचीत में परब ने कहा कि मराठी भाषी लोगों को मुंबई में घर देने से इन्कार किया जा रहा है, जिससे उन्हें बाहर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि मुंबई में मराठी भाषियों की आबादी घट रही है। उन्होंने इस संबंध में एक कानून बनाने पर जोर दिया।

### विधान परिषद में रखी थी मांग



शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा कि पिछले साल उन्होंने विपक्षी सदस्य के रूप में विधान परिषद में एक गैर आधिकारिक विधेयक प्रस्तुत किया था, जिसमें नई आवासीय परियोजनाओं में उनके लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग की गई थी।

### मानसून सत्र में आ सकता है विधेयक

विधेयक के 27 जून से शुरू होने वाले मानसून सत्र में चर्चा के लिए आने की संभावना है। परब ने कहा कि बड़े घरों के अलावा 500 वर्ग फीट तक के छोटे अपार्टमेंट का निर्माण भी किया जाना चाहिए, जिससे मराठी भाषी लोग उन्हें खरीद सकें।

# शरद पवार की पार्टी ने EC को लिखा पत्र

### मिलते-जुलते चुनाव चिन्हों को हटाने का किया अनुरोध

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिख कर एनसीपी (एसपी) के चुनाव चिन्ह से मिलते-जुलते चुनाव चिन्हों को हटाने का अनुरोध किया है। एनसीपी (एसपी) ने आयोग से अनुरोध किया है कि पिछले साल उन्हें जो 'तुतारी' चिन्ह आवंटित किया गया था, वह 'पिपानी/तुरही'से मिलता है। उसे चुनाव चिह्नों से बाहर कर दिया जाए।




### एक जैसे चुनाव चिन्हों की वजह से हुआ नुकसान

एनसीपी (एसपी) का दावा है कि यह चुनाव चिन्ह उनकी पार्टी के चुनाव चिन्हों से भ्रामक रूप से मिलते-जुलते हैं। शरदचंद्र पवार की पार्टी ने तर्क दिया कि निर्दलीय उम्मीदवारों को ₹तुरहा/तुतारी₹ जैसे चुनाव चिन्ह आवंटित करने से एनसीपी (एसपी) को काफी नुकसान हुआ है और यह समान अवसर बनाने के सिद्धांत के खिलाफ है।

### एनसीपी (एसपी) ने निर्वाचन आयोग से लगाई गुहार


बता दें कि एनसीपी में बंटवारे के बाद चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों से पहले एनसीपी (सपा) को 'तुतारी' प्रतीक दिया था। अपनी याचिका में एनसीपी (एसपी) ने चुनाव आयोग से अनुरोध किया कि वह इस साल अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले इन भ्रामक चुनाव चिन्हों को तुरंत वापस ले लें या हटवा दें।

### एनसीपी (एसपी) के उम्मीदवार को निर्दलीय ने हराया

पार्टी ने निर्दलीय उम्मीदवार संजय गाडे का उदाहरण दिया, जिन्होंने सतारा सीट से तुरही प्रतीक पर चुनाव लड़ा और 37062 वोट हासिल किए, जिसके कारण एनसीपी (एसपी) के उम्मीदवार शशिकांत शिंदे 32771 वोटों के मामूली अंतर से हार गए। शिंदे को 538363 वोट मिले, जबकि विजयी उम्मीदवार भाजपा के उदयनराजे भोसले को 571134 वोट मिले।

बॉम्बे हाईकोर्ट

## पतंजलि निदेशक को किया तलब



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के निदेशक रजनीश मिश्रा को ट्रेडमार्क के उल्लंघन के मामले में पेश होने का निर्देश दिया है। मंगलम ऑर्गेनिक्स द्वारा दायर याचिका दावा किया गया है कि पतंजलि ने अपने कपूर उत्पाद की पैकेजिंग और ट्रेड ड्रेस का उल्लंघन किया है। 8 जुलाई को मामले की अगली सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति आर.आई.छागला की एकल पीठ के समक्ष मंगलम ऑर्गेनिक्स लिमिटेड द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में दावा किया गया है कि पतंजलि के कपूर उत्पाद ने उनके अपने कपूर उत्पाद की शंकु के आकार की गैर-बुने हुए कपड़े से ढकी पैकेजिंग (ट्रेड ड्रेस) की नकल की, जिससे उपभोक्ता भ्रमित हो रहे हैं। अदालत ने पिछले साल 30 अगस्त 2023 को एक पक्षीय अंतरिम राहत प्रदान की थी, जिसमें प्रतिवादियों का विवादित उत्पाद के निर्माण और बिक्री से रोक दिया गया था। मंगलम ऑर्गेनिक्स की ओर से पेश वकील हिरेन कामोद ने दलील दी कि प्रतिवादी अंतरिम आदेश का लगातार उल्लंघन कर रहे हैं।

## 'किसानों को नुकसान भरपाई की मदद 30 जून तक उपलब्ध कराएं'

**मुंबई।** प्रदेश में किसानों और नागरिक को फसलों के नुकसान तथा प्राकृतिक आपदा के कारण हुए नुकसान के लिए 30 जून तक मदद राशि का वितरण कर दें। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संबंधित जिला प्रशासन को यह निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को मदद समय पर उपलब्ध कराई जाए। क्षेत्रीय अधिकारी किसानों के लिए लिए गए फसलों को तत्काल लागू करें। मंगलवार को राज्य अतिथिगृह सह्याद्री में मुख्यमंत्री खरीफ फसल सीजन की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की।



इसमें उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत दूसरे मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। खरीफ फसल सीजन में 142.38 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों के बुवाई का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद के साथ बीज लेने के लिए मजबूर करने वाले बिक्रेताओं के साथ कंपनियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जिलों और तहसीलों में 25 प्रतिशत से कम बारिश हुई है, ऐसे जगहों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### नैनो यूरिया के इस्तेमाल पर जोर

उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि खरीफ फसल सीजन में किसानों को डीएपी खाद के बजाय नैनो यूरिया के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया जाएगा। राज्य के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे ने बताया कि खाद और बीज की जमाखोरी और लिंकिंग होने के बारे में किसान वाट्सएप नंबर 9822446655 पर शिकायत कर सकेंगे।

## महाराष्ट्र विधानपरिषद की 4 सीटों के लिए आज होगा मतदान



**मुंबई।** राज्य विधानमंडल के उच्च सदन के मुबई स्नातक, मुंबई शिक्षक, नासिक शिक्षक और कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में द्विवार्षिक चुनाव 26 जून को होंगे और परिणाम एक जुलाई को घोषित किए जाएंगे। इन सीट पर चुनाव इसलिए जरूरी हो गया है क्योंकि वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल जुलाई में पूरा हो रहा है। मुंबई स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला राज्य के पूर्व मंत्री और शिवसेना (यूबीटी) के अनिल परब और बीजेपी के किरण शेलार के बीच होने की संभावना है।

## 'उज्जवल निकम को मेरे केस से हटाओ'

### पब्लिक प्रॉसिक्यूटर नियुक्ति के खिलाफ कोर्ट पहुंचा गैंगस्टर विजय पालांडे

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में कई हत्याओं के मामले में आरोपी और गैंगस्टर विजय पलांडे ने अपने मामले में विशेष लोक अभियोजक वरिष्ठ वकील उज्ज्वल निकम की नियुक्ति का विरोध किया है। उन्होंने सोमवार को कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और कहा, BJP से चुनाव लड़ने वाले उज्जवल निकम को मेरे केस से हटाया जाए। विजय पलांडे का कहना था कि यह नियुक्ति दुर्भावनापूर्ण और गलत इरादे से की गई है। पलांडे ने याचिका में दावा किया कि निकम की पहचान, विचार, एजेंडा, इरादा, मकसद।।। सब कछ जनता की नजर में पूरी तरह से बदल गया है। अब वो बीजेपी के बड़े नेता हैं।

### निकम की नियुक्ति पर पलांडे को आपत्ति





हाल ही में निकम यहां कोर्ट में पलांडे के खिलाफ मामले में स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर के रूप में फिर से कोर्ट में पेश हुए। इस पर पलांडे ने आपत्ति जताई और कोर्ट पहुंच गए। उन्होंने अपनी याचिका में कहा, वह (उज्ज्वल निकम) अब राजनीतिक दल के एजेंडे के लिए काम करेंगे। वे जनता के बीच बीजेपी की छवि बनाने के लिए हाई-प्रोफाइल मामलों में झूठी सजा दिलाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं, जो आरोपियों के मौलिक अधिकारों के खिलाफ है।

### अब 28 जून को होगी सुनवाई

पलांडे ने न्याय और मौलिक अधिकारों के हित में निकम को उनके खिलाफ मामले से दूर रखने के लिए अदालत से निर्देश मांगा है। उन्होंने अदालत से निकम की नियुक्ति रद्द करने के लिए संबंधित प्राधिकारी को निर्देश देने का आग्रह किया है। फिलहाल, इस मामले की अगली सुनवाई 28 जून को होगी। दिल्ली के व्यवसायी अरुण टिक्कू और फिल्म निर्माता करणकुमार कक्कड़ की हत्या के आरोप में गिरफ्तारी के बाद पलांडे अप्रैल 2012 से न्यायिक हिरासत में है।

झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई

सहकार कक्ष, झोपुप्रा, बृहन्मुंबई
जा.क्र.झोपुप्रा/सनिस/कार्यासन-1/टे.सी.4/सन 2024
SRA/CO/OW/2024/32981
दिनांक : 24/06/2024

-: सोडत पध्दतीने सदनिका वाटपाची नोटीस :-

**ओमकार हितवर्धक एस. आर. ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्यादित, न.भू.क्र. ७०८, ७२९ (पार्ट), ७३०, ७३१/१ ते २, ७३१, ७३२, ७३२/१ ते ५, ७३३ (पार्ट), त्रिवेणी नगर, कुरार व्हिलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई- ४०० ०९७** या संस्थेच्या मंजूर परिशिष्ट - २ व पुरवणी परिशिष्ट - २ मध्ये पात्र झालेल्या झोपडीधारक सभासदांना कळविण्यांत येते की, मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था (पूर्व व पश्चिम उपनगरे), झो.पु.प्रा., बृहन्मुंबई यांचेकडील दिनांक ११.०६.२०२४ रोजीच्या पत्रान्वये प्राधिकरणाचे परिपत्रक क्र. १६२ /दिनांक २३.१०.२०१५ नुसार एकूण ०९ निवासी पात्र झोपडीधारकांना पुनर्वसन इमारत क्र. २, ए विंग मध्ये निवासी सदनिकांचे सोडत पध्दतीने वाटप करण्यासाठी मी निम्नस्वाक्षरीकार माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून नियुक्ती करण्यांत आलेली आहे.

सदरहू संस्थेच्या पुनर्वसन इमारत क्र. २, विंग ए मध्ये निवासी सदनिका वाटप सोडतीचा कार्यक्रम सोमवार, दिनांक ०८/०७/२०२४ रोजी ठिक दुपारी १२:०० वाजता प्राधिकरणाच्या कार्यालयात लॉटरी अलॉटमेंट पोर्टल सर्व्हर वर ऑनलाईन पध्दतीने झूम ॲप (Zoom App) वर आयोजित केलेला आहे.

विषय : झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरणाचे परिपत्रक क्र. १६२ / दिनांक २३.१०.२०१५ नुसार ऑनलाईन झूम ॲप (Zoom App) वर सोडत पध्दतीने पुनर्वसन इमारत क्र. २, विंग ए मध्ये एकूण ०९ निवासी सदनिकांचे वाटप करणे.

सही/-
(आर. एन. हळदे)
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी श्रेणी-1, झो.पु.प्रा., बृहन्मुंबई

ठिकाण : मुंबई
दिनांक : 24/06/2024

## नरेश गोयल ने न्यायालय से अंतरिम जमानत की मियाद बढ़ाने की मांग की

**मुंबई।** कर्ज का गबन करने के मामले में गिरफ्तार जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल ने अदालत से अंतरिम जमानत की मियाद बढाने की मांग की है। गोयल को बंबई हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 6 मई को मेडिकल आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दी थी अब वह पूरी होने जा रही है। इसलिए गोयल ने इसे बढ़ाने के लिए न्यायालय से गुहार लगाई है। जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल ने पूर्व में चिकित्सा आधार पर मिली अंतरिम जमानत की मियाद बढ़वाने के लिए बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया है। धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए गोयल को उच्च न्यायालय ने 6 मई को दो महीने के लिए चिकित्सा के आधार पर अंतरिम जमानत दे दी थी। गोयल (75) ने अब अर्जी दाखिल कर इस अंतरिम जमानत की मियाद बढ़ाने की गुहार लगाई है।



### क्या है मामला ?

ईडी ने गोयल को सितंबर 2023 में गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने आरोप लगाया कि गोयल ने कैनरा बैंक द्वारा जेट एयरवेज को दिए गए 538 .62 करोड़ रुपए के कर्ज का गबन किया है। इसी मामले में उनकी पत्नी अनीता गोयल को नंवबर 2023 में गिरफ्तार किया गया था, जब ईडी ने मामले में आरोप पत्र दाखिल किया था। विशेष अदालत ने अनीता को उसी दिन उनकी उम्र और स्वास्थ्य को देखते हुए जमानत दे दी थी। उनकी मृत्यु 16 मई को हो गई।

### खराब स्वास्थ्य का दिया हवाला

गोयल ने अपनी अर्जी में कहा कि उनका स्वास्थ्य अब भी खराब है और 16 मई को उनकी पत्नी की भी कैंसर की वजह से मौत हो गई है। जेट एयरवेज के संस्थापक द्वारा दाखिल अर्जी सुनवाई के लिए मंगलवार को न्यायमूर्ति मनीष पिताले की एकल पीठ के समक्ष पेश की गई। एकल पीठ ने उच्च न्यायालय द्वारा फरवरी में जारी एक परिपत्र का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि पूर्व की अर्जी पर जिस अदालत ने सुनवाई की है, उसी न्यायधीश के समक्ष संबंधित अर्जी दाखिल की जा सकेगी। न्यायमूर्ति पिताले ने उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि वह गोयल की अर्जी को न्यायमूर्ति एन.जे. जमादार की पीठ के समक्ष रखे, जिन्होंने मई में उन्हें (गोयल को) दो महीने की अंतरिम जमानत दी थी। गोयल के वकील आबाद पोंडा और अमित नाइक ने बताया कि वे गोयल की अर्जी का उल्लेख बुधवार को न्यायमूर्ति जमादार की अदालत में करेंगे।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

एसडब्लूएम और ट्रांसपोर्ट (शहर) डिविजन

ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त निम्नलिखित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करते हैः

| कार्य का नाम | अमानत जमा राशि (रु.) | जांच शुल्क (रु.) | बोली आरंभ तिथि और समय | बोली समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| एक्स.इंजी.ट्रांस.सिटी के अंतर्गत विभिन्न गैरेजों के लिए बैटरी चालित ताररहित प्रभावी रिंच की आपूर्ति। 2024_एमसीजीएम_1044887 | रु.37000/- | 3,300.00+ 18%जीएसटी | 26.06.2024 ---------------- 11.00 सुबह | 03.07.2024 --------- 04.00 शाम |

निविदा प्रति पोर्टल (https://mahatenders.gov.in) से डाउनलोड की जा सकती है।
अधिक जानकारी के लिए https://mahatenders.gov.in पर लॉग ऑन करें।

सही/-
एक्स.इंजी.ट्रांस.(सिटी)

पीआरओ/302/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार के पुल

बरसात आने से पहले ही बिहार में एक सप्ताह के भीतर एक के बाद एक तीन पुलों का गिरना सार्वजनिक निर्माण में व्याप्त भ्रष्टाचार व धांधलियों को बेनकाब करता है। लगातार धड़ाधड़ गिरते पुल न केवल ठेकेदारों बल्कि उन्हें संरक्षण देने वाले राजनेताओं पर भी सवालिया निशान लगाते हैं। एक सप्ताह के भीतर बिहार के मोतिहारी में रविवार को एक पुल गिरने की तीसरी घटना हुई। इससे पहले अररिया और सिवान में भ्रष्टाचार के पुल गिरे थे। पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में डेढ़ करोड़ की लागत से बनने वाला जो पुल गिरा, उसकी एक दिन पहले ही ढलाई हुई थी। रात में पुल भरभरा कर गिर गया। यदि यह पुल यातायात खुलने के बाद गिरता तो न जाने कितनी जानें चली जातीं। आरोप है कि घटिया सामग्री के कारण पुल बनने से पहले गिर गया। शनिवार को सिवान में गंडक नहर पर बना तीस फीट लंबा पुल गिर गया, जो चार दशक पहले बना था। इसी तरह मंगलवार को अररिया में बारह करोड़ की लागत से बना पुल गिर गया था। पुल के तीन पाये ध्वस्त हो गए थे। बिहार में निर्माण कार्यों में धांधलियों का आलम यह है कि पिछले पांच सालों के दौरान दस पुल निर्माण के दौरान या निर्माण कार्य पूरा होते ही ध्वस्त हो गए। उल्लेखनीय है कि बीते साल जून में भागलपुर में गंगा नदी पर करीब पौने दो हजार करोड़ की लागत से बन रहे पुल के गिरने पर भारी शोर मचा था। लेकिन उसके बाद भी हालात नहीं बदले। पुलों के गिरने का सिलसिला यूं ही जारी है। जो बताता है कि नियम-कानून ताक पर रखकर बेखौफ घटिया सामग्री वाले सार्वजनिक निर्माण कार्य जारी हैं। जाहिर है ऊपर से नीचे तक की कमीशनखोरी और जनता की कीमत पर मोटा मुनाफा कमाने वाले ठेकेदारों की मनमानी जारी है। तभी निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग बेखौफ किया जा रहा है। यदि शासन-प्रशासन का भय होता तो पुल यूं धड़ाधड़ न गिर रहे होते।
सवाल ये उठता है कि आजादी के सात दशक बाद भी हम देश की विकास परियोजनाओं की गुणवत्ता की निगरानी करने वाला तंत्र क्यों विकसित नहीं कर पाए? यह जरूरी है कि सार्वजनिक निर्माण गुणवत्ता का हो और उसका निर्माण कार्य समय पर पूरा हो। इन योजनाओं को इस तरह डिजाइन किया जाए, जिससे कई पीढ़ियों को उसका लाभ मिल सके। साथ ही वह दुर्घटनामुक्त और जनता की सुविधा बढ़ाने वाला हो। मगर विडंबना देखिए कि बिहार के पुल उद्घाटन से पहले ही धराशायी हो रहे हैं। स्पष्ट है कि मोटे मुनाफे के लिए घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। वहीं दूसरा निष्कर्ष यह है कि जिन लोगों का काम निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की निगरानी करना होता है, वे आंखें मूंदे बैठे हैं। जो समाज में मूल्यों के पराभव व आपराधिक तत्वों की निर्माण कार्यों में गहरी दखल को ही दर्शाता है। यही वजह है कि भारी यातायात के दबाव वाले दौर में पुल अपना ही बोझ नहीं संभाल पा रहे हैं। यूं तो कभी किसी हादसे की वजह से भी पुल गिर सकते हैं, मगर निरंतर कई पुलों का कुछ ही दिनों में गिरना साफ बताता है कि दाल में काला नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली है। जिसमें भ्रष्टाचार की बड़ी भूमिका है। दरअसल, सार्वजनिक निर्माण की गुणवत्ता की यदि समय-समय पर जांच होती रहे तो ऐसे हादसों से बचा जा सकता था। इन हादसों की वजह यह भी है कि राजनेताओं व दबंगों के गठजोड़ से ऐसे लोगों को ठेके मिल जाते हैं, जिनको न तो बड़े निर्माण कार्यों का अनुभव होता है और न ही गुणवत्ता को लेकर किसी तरह की प्रतिबद्धता होती है। निस्संदेह, यह नागरिकों के जीवन से जुड़ा गंभीर मसला है। इसलिये सरकार और निर्माण कार्य से जुड़ी एजेंसियों को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। सरकारी राजस्व का भी नुकसान होगा। वक्त की मांग है कि सार्वजनिक निर्माण में भ्रष्टाचार रोकने के लिये सख्त कानून बनाये जाएं।

# वे बच्चे जो कभी घर नहीं लौट पाते



क्षमा शर्मा

हाल ही में दिल्ली पुलिस ने चौदह साल से कम उम्र के तेईस खोए हुए बच्चों को उनके माता-पिता से मिलवाया है। पुलिस ने बच्चों की काउंसलिंग भी की। पता चला कि वे घर का रास्ता भटककर खो गए थे। इनमें से कई बच्चे घर से बाहर खेलने के लिए गए थे। कई दुकानों से सामान लाने गए थे और रास्ता भूल गए थे। कई बच्चे ऐसे भी थे जो ठीक से बोल नहीं पाते थे। पुलिस ने बताया कि इन बच्चों को अपने घर का पता नहीं मालूम था। न ही वे ये बता सकते थे कि उनके घर के आसपास ऐसी कौन-सी मशहूर जगह या लैंडमार्क है जहां पहुंचकर घर जाया जा सके। पुलिस को पता चला कि घर वालों ने कभी इस ओर ध्यान ही नहीं दिया था कि बच्चों को घर का पता याद होना जरूरी है।
अब पुलिस माता-पिता को इस बारे में शिक्षित कर रही है कि वे बच्चों को अपने घर का पता, टेलीफोन नम्बर आदि जरूर याद कराएं। उनके कपड़ों में घर का पता और फोन नम्बर लिखकर हमेशा रख दें जिससे अगर वे रास्ता भूल भी जाएं तो कोई उन्हें घर पहुंचा दे। पुलिस के पास आएं तो पुलिस को भी बच्चों को घर लाने में आसानी हो। दिल्ली पुलिस ने ऐसे सोलह बच्चों को भी ढूंढ़ निकाला जिन पर इनाम घोषित था। पैंतालीस ऐसे बच्चों को भी उनके घर पहुंचाया गया, जो परीक्षा में अच्छा नहीं कर पाते थे, इस वजह से घर वालों की डांट खाते थे। इसलिए वे बिना बताए घर से चले गए थे। बच्चों का खोना या हाट, मेले में घर वालों से बिछुड़ना कोई नई बात नहीं है। इस विषय पर बहुत-सी फिल्में भी बन चुकी हैं। बचपन में इसीलिए अक्सर घर वाले घर से बाहर तभी जाने देते थे, जब घर का कोई बड़ा साथ हो। दरअसल, बच्चे चुराने वाले गिरोह भी सक्रिय रहते थे, जो आज भी रहते हैं। इसके अलावा अड़ोस-पड़ोस भी आज की तरह कोई बेगाना नहीं था। हर कोई एक-दूसरे के परिवार वालों को जानता था, इसलिए बच्चे सुरक्षित भी रहते थे।
बचपन बचाओ आंदोलन की रिपोर्ट 'मिसिंग चिल्ड्रन आफ इंडिया' के अनुसार अपने देश में हर साल छियानवे हजार बच्चे खो जाते हैं, जिनमें से इकतालीस हजार, पांच सौ छियालीस बच्चे कभी नहीं मिलते। संगठन का कहना है कि भारत में हर घंटे ग्यारह बच्चे खो जाते हैं। इनमें से चार का पता कभी नहीं चलता।
भारत के छह सौ चालीस जिलों में से तीन सौ बानवे जिलों में जनवरी, 2008 से जनवरी, 2010 में खोए हुए बच्चों का अध्ययन किया गया था। उसी के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की गई थी। इसमें सबसे गम्भीर बात यह बताई गई थी कि खोए हुए बच्चे या तो बंधुआ मजदूरी का काम करते हैं या तरह-तरह से उनका यौन शोषण किया जाता है। महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से सबसे ज्यादा बच्चे खोते हैं। क्राई संस्था का भी कहना है कि भारत में बड़ी संख्या में बच्चे लापता हो जाते हैं। 2011 में पहले चार महीनों में ही बारह सौ साठ बच्चे लापता हो गए थे। इन खो जाने वाले सत्तर फीसदी बच्चों की उम्र बारह से अठारह साल के बीच होती है। इनमें से रिपोर्ट्स के अनुसार ही हजारों बच्चे अपने घर कभी लौट ही नहीं पाते। बच्चों के लिए काम करने वाले संगठनों को पुलिस के रवैये से भी नाराजगी है। उनका कहना है कि पुलिस अक्सर खोए हुए बच्चों की रिपोर्ट ही नहीं लिखती। हालांकि, यह भी सच है कि अनेक मामलों में पुलिस बच्चों को ढूंढ़ती भी है। दिल्ली में खोए हुए बच्चों को उनके माता-पिता से मिलाने के लिए 'आपरेशन मिलाप' नामक कार्यक्रम भी चलाया जाता है। इस लेख की शुरुआत में पुलिस द्वारा खोए बच्चों का जिक्र है। यह भी कि उनमें से बहुत से बच्चों को अपने घर का पता या लैंडमार्क ही नहीं मालूम होता। इसके लिए पुलिस अभिभावकों के लिए जागरूकता अभियान भी चलाती है। पुलिस का कहना है कि अपने बच्चों को घर का पता ठीक से याद कराएं। हो सके तो फोन नम्बर भी उन्हें याद करा दें। जो बच्चे ठीक से बोल नहीं पाते जब भी वे घर से बाहर जाएं, उनके कपड़ों पर घर का पता और फोन नम्बर लिख कर हमेशा रख दें।
वर्ष 2023 में मुम्बई पुलिस ने 'आपरेशन मुस्कान' के तहत आठ महीनों में पचास हजार खोए हुए बच्चों का पता लगाया था। पुलिस ने यह भी बताया था कि इन बच्चों के खोने के बड़े कारणों में पढ़ाई पर ध्यान न देना, मोबाइल का अधिक प्रयोग, गरीबी से बचने की चाहत, फिल्मों में काम करने की इच्छा, प्रेम-संबंध, माता-पिता से झगड़ा आदि शामिल हैं। साथ ही कई बार बच्चे उन लोगों से मिलने के लिए घर से भाग जाते हैं, जिनसे सोशल मीडिया पर चैट तो करते हैं मगर उनसे मिले भी नहीं होते। आजकल सोशल इनफ्लुएंसर बनने के चक्कर में भी बच्चे घर से भाग रहे हैं।
न जाने कितने माता-पिता ऐसे होते हैं, जो जीवन अपने खोए हुए बच्चों के इंतजार में गुजार देते हैं कि शायद एक दिन ऐसा हो कि बच्चा वापस आ जाए। कई बार बीस, बीस साल बाद बच्चे किसी सुखद संयोग के कारण माता-पिता के पास लौटते हैं। ऐसे में जिन माता-पिता के बच्चे पुलिस या अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं की तरफ से घर लौट आते हैं उनकी खुशी के कहने क्या। मुम्बई में रेलवे पुलिस में कार्यरत हैं रेखा मिश्रा। वे अब तक सैकड़ों लापता बच्चों को उनके माता-पिता से मिलवा चुकी हैं। मुम्बई में देशभर से भागे हुए बच्चे आते हैं। इनकी भाषा समझना एक बड़ी चुनौती होती है। एक बार चेन्नई की तीन लड़कियों को अगवा करके मुम्बई लाया गया था। लेकिन वे केवल तमिल बोलती थीं। तब रेखा ने एक तमिल बोलने वाले की मदद से उन लड़कियों की बातों को समझा। चेन्नई से पता चला कि लड़कियों के माता-पिता ने उनके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रेखा ने यह भी बताया कि कई बार माता-पिता ही इस बात पर ध्यान नहीं देते कि उनके बच्चे खो गए हैं। कई बार बहुत से बच्चे घर वापस नहीं जाना चाहते। यह बच्चे की इच्छा पर ही निर्भर करता है कि वह घर जाना चाहता है या पुनर्वास केंद्र। अगर वह घर नहीं जाना चाहता तो उसे पुनर्वास केंद्र भेजा जाता है और वहां उसके भरण-पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि की व्यवस्था की जाती है। सीआरपीएफ भी आपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' चलाती है। अभी तक इस योजना के तहत आठ सौ बाईस लड़के और चार सौ चौदह लड़कियों को बचाया जा चुका है। स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से इन्हें इनके माता-पिता से मिलवाया जाता है।
बेशक बहुत से बच्चे अपने माता-पिता से दोबारा मिल पाते हैं, इसमें अनेक संगठनों की भूमिका भी होती है। मगर ऐसे असंख्य बच्चे होते हैं जो एक बार घर से बिछुड़ने पर दोबारा कभी नहीं लौट पाते।

## सहज योग

# ऊंचे स्थान पर बैठ प्रकाश दें



घर में कोई बीमार पड़ जाए, अब सारा घर दौड़ेगा, आफत करेगा। कोई झूठ, कोई सच, कुछ नहीं, कुछ करने की ज़रूरत नहीं। आप अपने को देखिए, आपको बराबर सूझेगा कि आपको क्या करना है।

आप देखिए कि मैं कहा खड़ा हूं, पता हो जाएगा कि आप कहां खड़े हैं। यही Self Realization है। पहली जो चीज़ है कि संसार का सारा सौन्दर्य आपमें तादातम्य है। आप जानिए, यह नई चीज है। पर बड़ी अद्भुत, विश्वसनीय, कोई विश्वास ही नहीं करता है पर है बात, ऐसा ही कुछ है। आपको खुद ही लगने लगा कि आप साक्षी हैं। घर में कोई बीमार पड़ जाए, अब सारा घर दौड़ेगा, आफत करेगा। कोई झूठ, कोई सच, कुछ नहीं, कुछ करने की ज़रूरत नहीं। आप अपने को देखिए, आपको बराबर सूझेगा कि आपको क्या करना है। आपको जो मन में आए वो करिए आपके मन में आए सर पर हाथ रखिए, सर पर हाथ रखिए पैर पकड़ने का मन है, पैर पकड़िए। जो भी आपके मन में आ रहा है सबके लिए आ रहा है, उसको आप करें। नए सिरे से आप गीता पढ़े, नए सिरे से आप बाइबल पढ़ें, उसमें आप देखिएगा कि हरेक बात की पुष्टि देने वाली चीजें उसमें हैं। लेकिन आप स्वयं पुष्ट हैं आपको कोई जरूरत नहीं कि कोई आपको support करता रहे, सहारा दे। आप स्वयं अपने सहारे पर खड़े होना जैसे हो शुरू कर देंगे एक दम प्रकाशवान हो जाएंगे। इसमें कोई शर्माने की बात नहीं, इसमें कुछ घबराने की बात नहीं। हमारे यहां ऐसे लोग देखे जाते हैं, जो एकमेव घर के अन्दर एक आदमी होता है वो फिर किसी से बात कहता नहीं, अन्दर छिपा के रखता है। बाइबल में कहा जाता है कि दिया नीचे नहीं रखा जाता टेबल के नीचे नहीं दिया रखा जाता है, किसी ऊंचे स्थान पर दिया रखना चाहिए। गर आप वाकई दीपक हो गए हैं तो ऊंचे स्थान पर बैठकर के सबको प्रकाश दें, सब धर्मों का प्रकाश यही है। आप चाहे किसी भी धर्म में हों। आप उठा के देख लीजिए। आप सिक्खों के धर्म को मानते हैं आप उठाकर देख लीजिए, अगर ये कहीं पर भी ये बात न लिखी हो, गर झूठ बात कही है आप किसी भी धर्म की किताब देख लीजिए। आपकी पुष्टि के लिए बड़े-बड़े लोगों ने लिख रखा है। आप श्लोक के श्लोक कह सकते हैं। आप कुरान की आयात की आयात कह सकते हैं। इसी चीज़ की गवाही देते हैं, चाहे उसे यहां पर हम लोग, जिसे spiritual कहते हैं अंग्रेजी में, जिसको हम लोग आध्यात्मिक कहते हैं संस्कृत में, और जिसे वो लोग रूहानी कहते हैं। नाम बदल देने से जो सत्य है वो एक ही हैं और सबको ये मालूम है आप लोगों को कि सत्य क्या है तो सत्य की भी कोई व्याख्या तो हो नहीं सकती। सागर की क्या व्याख्या है? लेकिन क्षण-क्षण में आप देखेंगे कि सत्य ये है मिथ्या ये है, सत्य ये है, मिथ्या ये है। आपकी vibration से आप जानेंगे। वाइब्रेशन से इसे, आप तोल पाइएगा इससे आप समझ पाइएगा, जहां vibration आ रहे हैं वही पर सत्य है। आप पत्थर में भी, मिट्टी में भी हरेक में आप vibration देखेंगे। कोई गर आदमी है उसके चार-पांच चक्र पकड़े हैं, उससे उलझने की कोई जरूरत नहीं है। कठिन आदमी है, आपके बस का नहीं। आपको फौरन आपके हाथ पर गर्म-गर्म आ जाएगा।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## शख्सियत — बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय

# राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' के जनक



**बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 20 दिसंबर 1876 में राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' की रचना की। इस गीत को बाद में आनन्द मठ नामक उपन्यास में शामिल किया गया। आनंदमठ विश्वप्रसिद्ध राजनीतिक उपन्यास है। इस उपन्यास में उत्तर बंगाल में 1773 के संन्यासी विद्रोह का वर्णन किया गया है। इस पुस्तक में देशभक्ति की भावना है। चट्टोपाध्याय का अंतिम उपन्यास सीताराम है। इसमें मुस्लिम सत्ता के प्रति एक हिंदू शासक का विरोध दर्शाया गया है**

बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म 26 जून 1838 को उत्तरी चौबीस परगना के कंठालपाड़ा, नैहाटी में एक परंपरागत और समृद्ध बंगाली परिवार में हुआ था। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की शिक्षा हुगली कॉलेज और प्रेसीडेंसी कॉलेज, कोलकाता में हुई। उन्होंने 1857 में बीए पास किया और 1869 में क़ानून की डिग्री हासिल की। इसके बाद में उन्होने सरकारी नौकरी कर ली और 1891 में सरकारी सेवा से रिटायर हुए।
बंकिमचंद्र का जन्म उस काल में हुआ जब बंगला साहित्य का न कोई आदर्श था और न ही रूप या सीमा का कोई विचार। 'वन्दे मातरम्' राष्ट्रगीत के रचयिता होने के नाते वे बड़े सम्मान के साथ सदियों तक याद किए जाएंगे। उनकी शिक्षा बंगला के साथ-साथ अंग्रेज़ी व संस्कृत में भी हुई थी। आजीविका के लिए उन्होंने सरकारी सेवा की, परन्तु राष्ट्रीयता और स्वभाषा प्रेम उनमें कूट-कूट कर भरा हुआ था। युवावस्था में उन्होंने अपने एक मित्र का अंग्रेज़ी में लिखा हुआ पत्र बिना पढ़े ही इस टिप्पणी के साथ लौटा दिया था कि, 'अंग्रेज़ी न तो तुम्हारी मातृभाषा है और न ही मेरी'। सरकारी सेवा में रहते हुए भी वे कभी अंग्रेज़ों से दबे नहीं।
बंकिम ने साहित्य के क्षेत्र में कुछ कविताएं लिखकर प्रवेश किया। उस समय बंगला में गद्य या उपन्यास कहानी की रचनाएं कम लिखी जाती थीं। बंकिम ने इस दिशा में पथ-प्रदर्शक का काम किया। 27 वर्ष की उम्र में उन्होंने 'दुर्गेश नंदिनी' नाम का उपन्यास लिखा। इस ऐतिहासिक उपन्यास से ही साहित्य में उनकी धाक जम गई। फिर उन्होंने 'बंग दर्शन' नामक साहित्यिक पत्र का प्रकाशन प्रारम्भ किया। रबीन्द्रनाथ ठाकुर 'बंग दर्शन' में लिखकर ही साहित्य के क्षेत्र में आए। वे बंकिम को अपना गुरु मानते थे। उनका कहना था कि, 'बंकिम बंगला लेखकों के गुरु और बंगला पाठकों के मित्र हैं'। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की पहचान बांग्ला कवि, उपन्यासकार, लेखक और पत्रकार के रूप में है। उनकी प्रथम प्रकाशित रचना राजमोहन्स वाइफ थी। इसकी रचना अंग्रेजी में की गई थी। उन्होंने 1865 में अपना पहला उपन्यास 'दुर्गेश नन्दिनी' लिखा। यह एक रूमानी रचना है। उनकी अगली रचना का नाम कपालकुंडला है। इसे उनकी सबसे अधिक रूमानी रचनाओं में से एक माना जाता है। उन्होंने 1872 में मासिक पत्रिका बंगदर्शन का भी प्रकाशन किया। अपनी इस पत्रिका में उन्होंने विषवृक्ष उपन्यास का क्रमिक रूप से प्रकाशन किया। कृष्णकांतेर विल में चट्टोपाध्याय ने अंग्रेजी शासकों पर तीखा व्यंग्य किया है।

## जीवन ऊर्जा

पर्ल एस. बक : जन्म- 26 जून 1892 — जन्म

पर्ल एस. बक एक अमेरिकी लेखिका और मानवतावादी थीं, जिनका जन्म 26 जून 1892 में हुआ था। वे चीन में पली-बढ़ीं, जिसका उनके लेखन पर बहुत प्रभाव पड़ा। बक को चीनी किसान जीवन के समृद्ध और सहानुभूतिपूर्ण चित्रण के लिए 1938 में साहित्य में नोबेल पुरस्कार मिला। 6 मार्च 1973 में उनकी मृत्यु हो गई और वे एक स्थायी साहित्यिक विरासत छोड़ गईं।

# केवल प्यार ही प्यार को जगा सकता है



कोई व्यक्ति अपने अतीत के साथ भविष्य का सामना करता है। काम में आनंद पाना युवावस्था के फव्वारे की खोज करना है। बहुत से लोग बड़ी खुशी की उम्मीद में छोटी खुशियां खो देते हैं। युवा लोग विवेकपूर्ण होने के लिए पर्याप्त नहीं जानते हैं और इसलिए वे असंभव को आजमाते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी उसे हासिल करते हैं।
सभी चीजें तब तक संभव हैं जब तक कि वे असंभव साबित न हो जाएं और असंभव भी केवल अभी के लिए ही हो सकता है। आप अपनी उम्र का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि जब आप किसी नए विचार के संपर्क में आते हैं तो आपको कितना दर्द होता है। मेरे अंदर एक जगह है जहां मैं बिल्कुल अकेला रहता हूं और यहीं पर आप अपने झरनों को नवीनीकृत करते हैं जो कभी सूखते नहीं हैं।
जब किसी देश में अच्छे लोग अपनी सतर्कता और संघर्ष बंद कर देते हैं, तो बुरे लोग हावी हो जाते हैं। सत्य हमेशा रोमांचक होता है। तो इसे बोलो। इसके बिना जीवन नीरस है। विकास में ही खुशी का बीज होता है। सेवा करना सुंदर है, लेकिन केवल तभी जब इसे खुशी और पूरे दिल और मुक्त मन से किया जाए। दिल तोड़ने के कई तरीके हैं। प्यार से टूटे दिलों की कहानियां भरी पड़ी हैं, लेकिन जो चीज दिल को तोड़ती है, वह है उसका सपना छीन लेना - चाहे वह सपना कुछ भी हो। एक अच्छी शादी वह होती है जो व्यक्तियों में और उनके प्यार को व्यक्त करने के तरीके में बदलाव और विकास की अनुमति देती है। जो व्यक्ति अकेले रहने की कोशिश करता है, वह इंसान के तौर पर सफल नहीं हो सकता। अगर वह दूसरे दिल को जवाब नहीं देता, तो उसका दिल मुरझा जाता है।
काम में आनंद का रहस्य एक शब्द में निहित है-उत्कृष्टता। किसी काम को अच्छी तरह से करना जानना ही उसका आनंद लेना है। भूख किसी भी व्यक्ति को चोर बना देती है। किसी भी क्षेत्र में सच्चा रचनात्मक दिमाग इससे ज्यादा कुछ नहीं है। असामान्य रूप से, अमानवीय रूप से संवेदनशील पैदा हुआ एक मानव प्राणी।

## प्रेरक प्रसंग

# चिंताओं का बोझ

एक बार मास्टरजीने हाथ में पानी से भरा एक गिलास लिया। उन्होंने बच्चों को पूछा, यह क्या है? सभी ने उत्तर दिया, यह पानी का गिलास है।मास्टरजी ने फिर पूछा, "यह पानी के गिलास का वजन कितना होगा ? बच्चो ने कहा, तकरीबन २०० ग्राम। उन्होंने फिर से पूछा, अगर मैं गिलास को सिर्फ कुछ मिनटों तक हाथ में रखूंगा तो क्या होगा ?छात्रों ने उत्तर दिया, कुछ नहीं होगा। मास्टरजी ने दोबारा सवाल पूछा अगर मैं इसे एक घंटो तक पकड़े रहूं तो ?बच्चो ने कहा कि, हाथ बहुत दर्द होगा।उन्होंने फिर से प्रश्न किया, अगर पूरे दिन पकडू तो क्या होगा ?तब छात्रों ने तुरंत कहा, आपकी नसों में तनाव शुरू हो जायेगा। नसें काम करना बंद कर देगी। जिसका परिणाम लकवा भी हो सकता है। मास्टरजी ने कहा, "बिल्कुल ठीक जवाब।तब मास्टरजी बोले, "यही नियम हमारे जीवन पर भी समान रूप से लागू होता है।यदि हम किसी भी समस्या को कुछ मिनटों के लिए अपने दिमाग में रखते हैं तो हमे उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।लेकिन अगर हम पूरे दिन चिंता के विषय में सोचने लगेंगे तो हमारे जीवन में गंभीर रूप से परिणाम पड़ेगा ।इसलिए सुखी जीवन के लिए जरुरी है कि चिंताओं का भार अपने सिर पर लेकर ना घूमे ।चिंता अगर मनुष्य के जीवन में हावी हो जाए तो वह चिंता चिता में भी बदल सकती है ।

## सुविचार




यह कभी मत कहो कि 'मैं नहीं कर सकता', क्योंकि आप अनंत हैं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# ईश्वर का चरण पकड़कर ही व्यक्ति सच्ची शांति पा सकता है



ऐसी अनुभूति होने लगी कि जो कुछ है, सब ब्रह्म ही है, ब्रह्म से भिन्न कुछ है ही नहीं, तब वह अभिमान न रह करके अभिमान की श्रेष्टतम परिणति है अर्थात् ब्रह्म से एकत्व हो गया। यदि कोई अभिमान न छोड़ सके तो उससे कहना चाहिए कि तुम अभिमान को और बढ़ाओ, बढ़ाते-बढ़ाते इतना बढ़ाओ कि फिर और बढ़ाने की गुंजाइश न रह जाय। बालि ने यही किया और अंगद को बुलाकर कितनी बढ़िया बात कही कि प्रभु! आप जरा इसका हाथ पकड़ लीजिए। प्रभु ने कहा कि तुम बड़ी विचित्र बात कह रहे हो, यदि तुम अंगद से यह कहते कि मेरे चरण पकड़ो, तब तो परम्परा के अनुकूल बात होती। तुम अंगद को प्रणाम करना क्यों नहीं सिखा रहे हो? बालि ने बहुत बढ़िया बात कही कि महाराज! अंगद के द्वारा आपके चरण पकड़ने में और आपके द्वारा अंगद का हाथ पकड़ने में एक बहुत बड़ा अन्तर है। यदि अंगद पैर पकड़ेगा तो कभी छोड़ भी सकता है, पर यदि आप ही अंगद का हाथ पकड़ लें तो फिर छूटने की संभावना ही नहीं। जीव ईश्वर को पकड़े, यह भी एक भक्ति है, लेकिन यदि ईश्वर ही जीव को पकड़ ले तो इससे बढ़कर जीव का सौभाग्य नहीं हो सकता। भगवान ने अंगद की भुजा पकड़ ली। दोनों में अन्तर दिखाई पड़ा। बालि जब भी किसी को हराता तो उसको इस बात की बेचैनी हो जाती थी कि उसकी विजय को कैसे दूसरे लोग देखें? यह भी अभिमान की भावना है। अभिमानी चाहता है कि उसकी जीत को सब लोग देखें। रावण को हराने के बाद बालि ने रावण को बगल में दबा लिया और छह महीने तक घूमता रहा कि यह देख लो, मेरी विजय का प्रमाण-पत्र और अंगद कितना विनयी है कि जब रावण सचमुच हारने ही वाला था, तब अंगद ने अपने पैर को रावण द्वारा हटाने की चेष्टा करने से रोक दिया और तुरन्त कहा -

गहत चरन कह बालिकुमारा।
मम पद गहें न तोर उबारा।।
गहसि न राम चरन सठ जाई।
सुनत फिरा मन अति सकुचाई।।

यही बालि और अंगद का अंतर है। अंगद को तनिक भी इच्छा नहीं हुई कि रावण के सभासद या संसार के लोग यह माने कि अंगद ने रावण से अपना पैर पकड़वा लिया, अपितु उनके अन्तःकरण में भी हनुमानजी की ही भाँति यही भावना आयी कि यदि तुम्हें सीताजी को प्राप्त करना है तो उसका उचित माध्यम मैं नहीं हूं, अपितु प्रभु श्रीराम हैं। उन्होंने रावण से यही कहा कि तुम शान्तिरूपा सीता को पाना चाहते हो और शान्ति को भी बन्दर के चरण पकड़कर पाना चाहते हो! इससे बढ़कर मूर्खता और क्या होगी? ईश्वर का चरण पकड़कर ही व्यक्ति जीवन में सच्ची शान्ति पा सकता है, अंगद यही बताना चाहते हैं। जब हनुमानजी सीताजी की खोज के लिए लंका में गये तो उसका भी अर्थ यही है कि भगवत चरणों का आश्रय ग्रहण करके ही व्यक्ति शान्ति प्राप्त कर सकता है। दोनों में, अंगद और हनुमानजी की लंका यात्रा में यही मूल तत्व सामने आता है।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।



# मानसून में इन सब्जियों से करें परहेज

मानसून ताज़गी भरी बारिश लेकर आता है, लेकिन यह कुछ स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं भी लेकर आता है। इस मौसम में, कुछ सब्जियां आसानी से खराब हो सकती हैं या उनमें हानिकारक बैक्टीरिया पनप सकते हैं। यह जानना ज़रूरी है कि स्वस्थ रहने के लिए किन सब्जियों से बचना चाहिए।



## मानसून में इन सब्जियों को खाने से बचें

**पत्तेदार सब्जियां:** पालक, सलाद पत्ता और पत्तागोभी में बहुत ज़्यादा गंदगी और कीटाणु होते हैं, खास तौर पर मानसून के दौरान। ये सब्जियां जल्दी खराब हो सकती हैं और बैक्टीरिया के लिए प्रजनन स्थल बन सकती हैं, जिससे पेट में संक्रमण हो सकता है।

**फूलगोभी और ब्रोकली:** इन सब्जियों के फूलों में अक्सर कीड़े और कीट छिपे होते हैं। नमी के मौसम में इन्हें अच्छी तरह से साफ करना मुश्किल हो जाता है, जिससे इन कीटों के खाने और पेट की समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है।

**भिंडी:** बरसात के मौसम में भिंडी चिपचिपी हो जाती है, जिससे बैक्टीरिया पनपने के लिए यह एक आदर्श स्थान बन जाता है। इससे पाचन संबंधी समस्याएं और संक्रमण हो सकते हैं।

**बैंगन:** मानसून के दौरान बैंगन में कीड़े आसानी से लग सकते हैं। गीली परिस्थितियों में इन कीड़ों को पहचानना मुश्किल होता है, जो खाने पर पेट में तकलीफ़ पैदा कर सकते हैं।

**खीरा:** मानसून के दौरान खीरा हानिकारक बैक्टीरिया से दूषित हो सकता है। सलाद में कच्चा खीरा खाने से खाद्य जनित बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

## मानसून में खाने के लिए सुझाव

**ताजा, स्थानीय सब्जियों को चुनें:** मौसमी और स्थानीय रूप से उगाई जाने वाली सब्ज़ियां चुनें। इनके दूषित होने की संभावना कम होती है।

**अच्छी तरह से पकाएं:** सब्ज़ियों को अच्छी तरह से पकाने से बैक्टीरिया और परजीवी मर जाते हैं।

**अच्छी तरह से धोएं:** सब्ज़ियों को बहते पानी के नीचे धोएं और गंदगी और कीटाणुओं को हटाने के लिए उन्हें नमक के पानी या सिरके के घोल में भिगोएं।

**कच्चे सलाद से बचें:** मानसून के दौरान, कच्चे सलाद के बजाय पकी हुई सब्जियां खाना ज़्यादा सुरक्षित होता है।

इन सब्ज़ियों से परहेज़ करके और इन सुझावों का पालन करके, आप अपने स्वास्थ्य को बरकरार रखते हुए मानसून के मौसम का आनंद ले सकते हैं। सुरक्षित रहें और बारिश का मज़ा लें!

# घमौरियों की करें विदाई

घमौरी जिसे प्रिक्ली हीट, हीट रैश या मिलिरिया के नाम से भी जाना जाता है। घमौरी तब होती है जब आपकी पसीने की ग्रंथियां अवरुद्ध हो जाती हैं और पसीना आपकी त्वचा के नीचे फंस जाता है। यह अक्सर छोटे लाल धक्कों या फफोलों के रूप में दिखाई देता है और आपकी त्वचा को खुजली या चुभन जैसा महसूस करा सकता है। पर इससे ज्यादा परेशानी बच्चों को होती है।



## प्रिक्ली हीट के लक्षण

- छोटे लाल धक्के या छाले
- खुजली या चुभन जैसा एहसास
- लालिमा और हल्की सूजन
- आमतौरपरप्रभावितक्षेत्रोंमेंगर्दन,कंधे,छाती,पीठऔरत्वचाकीसिलवटेंशामिलहैं।

## घमोरी के कारण

- गर्म और आर्द्र मौसम
- तंग कपड़े पहनना
- अधिक कपड़े पहनना
- शारीरिक गतिविधि जिसके कारण अत्यधिक पसीना आता है

## घमोरी के लिए सरल घरेलू उपचार

**ठंडी जगह पर जाएं:** वातानुकूलित कमरों में समय बिताएं या ठंडा रहने के लिए पंखे का उपयोग करें।

**ठंडा स्नान या शॉवर:** त्वचा को आराम देने के लिए गुनगुने पानी से नहाएं या शॉवर लें। गर्म पानी से बचें क्योंकि यह दाने को और खराब कर सकता है।

**ठंडा सेंक:** खुजली और सूजन को कम करने के लिए प्रभावित क्षेत्रों पर ठंडा, नम कपड़ा लगाएं।

त्वचा को सूखा रखें

**ढीले कपड़े पहनें:** अपनी त्वचा को ठंडा और सूखा रखने के लिए कॉटन जैसे ढीले, हवादार कपड़े चुनें।

**टाइट कपड़े पहनने से बचें:** टाइट कपड़े पसीने को रोक सकते हैं और आपकी त्वचा को परेशान कर सकते हैं।

**टैलकम पाउडर या कॉर्नस्टार्च का इस्तेमाल करें:** पसीने को सोखने और त्वचा को सूखा रखने के लिए प्रभावित क्षेत्रों पर टैलकम पाउडर या कॉर्नस्टार्च से हल्का-सा छिड़कें।

## प्राकृतिक उपचार

**एलोवेरा:** रैश पर ताज़ा एलोवेरा जेल लगाएँ। एलोवेरा में ठंडक और आराम देने वाले गुण होते हैं जो खुजली और सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**ओटमील:** ठंडे पानी में एक कप बारीक पिसा हुआ ओटमील मिलाएँ। त्वचा को आराम देने और खुजली को कम करने के लिए 15-20 मिनट तक भिगोएँ।

**खीरे के टुकड़े:** रैश पर ठंडे खीरे के टुकड़े रखें। खीरे में ठंडक देने वाला गुण होता है और यह लालिमा और खुजली को कम करने में मदद कर सकता है।

त्वचा को शांत करें

**कैलामाइन लोशन:** खुजली और बेचैनी से राहत पाने के लिए रैश पर कैलामाइन लोशन लगाएँ। यह रैश को सुखाने में मदद करता है और ठंडक देता है।

**बेकिंग सोडा पेस्ट:** बेकिंग सोडा में थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। त्वचा को आराम देने और खुजली को कम करने के लिए इसे रैश पर लगाएं।

हाइड्रेटेड रहें

**बहुत सारा पानी पिएं:** बहुत सारा पानी पीकर खुद को हाइड्रेटेड रखें। यह आपके शरीर के तापमान को नियंत्रित करने और पसीना कम करने में मदद करता है।

## रोकथाम के सुझाव

**मौसम के हिसाब से कपड़े पहनें:** हल्के, ढीले-ढाले कपड़े पहनें, खासकर गर्म, नम मौसम में।

**छाया में रहें:** जब बाहर हों, तो ज़्यादा गर्मी से बचने के लिए छायादार जगहों पर रहने की कोशिश करें।

**नियमित ब्रेक लें:** अगर आप सक्रिय हैं, तो ज़्यादा पसीना आने से बचने के लिए ठंडी जगहों पर ब्रेक लें।

**नियमित रूप से नहाएं:** अपनी त्वचा को साफ़ और पसीने से मुक्त रखने के लिए नियमित रूप से नहाएं। अक्सर कपड़े बदलें, खासकर अगर आपको पसीना आ रहा हो।

## डॉक्टर को कब दिखाएं

**घमोरी के ज़्यादातर मामले घरेलू उपचार से ठीक हो जाते हैं, लेकिन डॉक्टर को दिखाएं अगर:**

- कुछ दिनों के बाद भी रैश में सुधार न हो।
- आपको संक्रमण के लक्षण दिखाई दें, जैसे कि लालिमा, दर्द, सूजन या मवाद बढ़ जाना।
- आपको बुखार हो जाता है या आप अस्वस्थ महसूस करते हैं। दाने गंभीर होते हैं या आपके शरीर के बड़े हिस्से को कवर करते हैं।

# दर्द निवारक है अदरक







अदरक सिर्फ़ एक स्वादिष्ट मसाला नहीं है; यह सदियों से इस्तेमाल किया जाने वाला एक शक्तिशाली प्राकृतिक उपचार है। कल्पना कीजिए कि एक ऐसी जड़ जो आपके पेट को आराम दे सकती है, संक्रमण से लड़ सकती है, दर्द को कम कर सकती है और वजन घटाने में भी मदद कर सकती है! गले की खराश को शांत करने से लेकर आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने तक, अदरक एक अद्भुत पौधा है। इसके स्वास्थ्य लाभ अद्भुत हैं, जो इसे हर रसोई में होना ज़रूरी बनाता है। आइए जानें कि यह साधारण जड़ आपके स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को कितने तरीकों से बेहतर बना सकती है।

## अदरक के लाभ

**मतली को कम करता है:** अदरक मतली को कम करने के लिए प्रसिद्ध है। इसका उपयोग अक्सर गर्भावस्था के दौरान मॉर्निंग सिकनेस, मोशन सिकनेस और सर्जरी या कीमोथेरेपी के बाद मतली से राहत दिलाने के लिए किया जाता है।

**अपच को कम करता है:** अगर आपका पेट खराब है या अपच है, तो अदरक मदद कर सकता है। यह पेट को खाली करने की प्रक्रिया को तेज़ करता है, जिससे आपको जल्दी अच्छा महसूस होता है।

**गठिया से लड़ता है:** अदरक में सूजन-रोधी गुण होते हैं। इसका मतलब है कि यह सूजन और दर्द को कम करने में मदद कर सकता है, खासकर ऑस्टियोआर्थराइटिस और रुमेटीइड गठिया जैसी स्थितियों में।

**संक्रमण से लड़ता है:** अदरक आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। इसमें रोगाणुरोधी गुण होते हैं जो संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं।

**गले की खराश को शांत करता है:** अदरक की चाय पीना गले की खराश और सर्दी के अन्य लक्षणों के लिए एक आम उपाय है। यह सूजन और दर्द को कम करने में मदद करता है।

**मांसपेशियों के दर्द को कम करता है:** व्यायाम के बाद, अदरक मांसपेशियों के दर्द को कम करने में मदद कर सकता है। यह एक प्राकृतिक दर्द निवारक है।

**मासिक धर्म के दर्द से राहत:** मासिक धर्म के दर्द से पीड़ित महिलाओं के लिए, अदरक लेने से असुविधा को कम करने में मदद मिल सकती है। यह दर्द निवारक दवाओं की तरह ही काम करता है, लेकिन प्राकृतिक है।

**रक्तचाप को कम करता है:** अदरक रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकता है, जिससे आपके हृदय पर दबाव कम होता है।

**कोलेस्ट्रॉल के स्तर में सुधार करता है:** यह खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है, जिससे हृदय रोग का जोखिम कम हो सकता है।

**चयापचय को बढ़ाता है:** अदरक आपके चयापचय को बढ़ाने में मदद कर सकता है, जो अधिक कैलोरी जलाने में मदद करता है।

**भूख कम करता है:** यह आपकी भूख को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, जिससे कम खाना और वजन कम करना आसान हो जाता है।

**मधुमेह को नियंत्रित करने में मदद करता है:** अदरक रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। यह मधुमेह वाले लोगों या इसके विकसित होने के जोखिम वाले लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है।

**मस्तिष्क की सुरक्षा करता है:** अदरक में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो मस्तिष्क को नुकसान से बचाने में मदद करते हैं। यह याददाश्त को बेहतर बनाने और अल्जाइमर जैसी उम्र से संबंधित मस्तिष्क संबंधी बीमारियों को रोकने में मदद कर सकता है।

## अदरक का उपयोग कैसे करें

**ताजा अदरक:** आप अपने भोजन, चाय या स्मूदी में ताजा अदरक मिला सकते हैं। इसे छीलकर कद्दूकस करना या स्लाइस करना सबसे अच्छा है।

**अदरक की चाय:** एक आरामदायक पेय के लिए ताजा अदरक के स्लाइस को पानी में उबालें। आप अतिरिक्त स्वाद और लाभों के लिए शहद और नींबू मिला सकते हैं।

**अदरक पाउडर:** खाना पकाने या बेकिंग में अदरक पाउडर का उपयोग करें। यह आपके आहार में अदरक को शामिल करने का एक सुविधाजनक तरीका है।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर होगी। करियर बनाने के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। पारिवारिक सहयोग से कार्य में आसानी होगी। जीवनसाथी से कहासुनी हो सकती है।

**वृष:** वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। सभी ओर से सफलता प्राप्त होगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लाभ होगा। आशंका-कुशंका के चलते कार्य की गति धीमी रह सकती है।

**मिथुन:** बुद्धि का प्रयोग करें। आय में निश्चितता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। लाभ होगा।प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**कर्क:** नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पुरानी व्याधि से परेशानी हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार वृद्धि होगी। समाजसेवा में रुझान रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह:** धर्म-कर्म में मन लगेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से परिचय होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। राजकीय अवरोध दूर होंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कन्या:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता रहेगी। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बनेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा।

**तुला:** किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। दूर से अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। कोई बड़ा काम करने की योजना बनेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर में अतिथियों पर व्यय होगा।

**वृश्चिक:** व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। स्वास्थ्य पर बड़ा खर्च हो सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। आय में कमी रहेगी।

**धनु:** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट से कार्य में रुकावट होगी।

**मकर:** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। विवेक का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। कोई बड़ी बाधा से सामना हो सकता है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें।

**कुंभ:** किसी पारिवारिक आनंदोत्सव में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

**मीन:** व्यवसाय ठीक चलेगा। मातहतों का सहयोग नहीं मिलेगा। कोई बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। पारिवारिक चिंताएं रहेंगी। मेहनत अधिक तथा लाभ कम होगा।

# कर्जा मुक्ति के उपाय



मित्रों हमारे शास्त्रों में कहा गया है की व्यक्ति को यथासंभव कर्जा लेने से बचना चाहिए। कर्ज लेना किसी को भी अच्छा नहीं लगता लेकिन कई बार मज़बूरी वश या अपनी आवश्यकताओं के कारण लोगो को कर्जा लेना ही पड़ता है। कर्ज लेने वाले व्यक्ति को सामने वाले की बहुत सी सही / गलत मनमानी शर्तों को भी मानना पड़ता है।आजकल तो हर छोटा बड़ा आदमी कहीं न कहीं से मकान, गाड़ी,गृह उपोयोगी वस्तुओं,शिक्षा, व्यापार आदि के लिए कर्ज लेता है। कई बार गलत समय पर कर्ज लेने के कारण या किसी भी अन्य कारण से कर्ज लेने के बाद उसे लौटाना व्यक्ति को भारी हो जाता है वह लाख चाहकर भी कर्ज समय पर नहीं चुका पाता है उस पर कर्ज लगातार बहुत अधिक बड़ता ही जाता है और कई बार तो उसकी पूरी जिंदगी कर्ज चुकाते-चुकाते समाप्त हो जाती है। यहां पर हम शास्त्रों और प्राचीन मान्यताओं के अनुसार कर्ज लेने व देने संबंधी कुछ आसान से उपाय बता रहे हैं। इन पर अमल करने पर निश्चित ही आपका कर्ज, बिल्कुल समय से सुविधानुसार आपके सिर से उतर जाएगा।

कर्जा मुक्ति मन्त्र

1 - ॐ ऋण-मुक्तेश्वर महादेवाय नमः

2 - ॐ मंगलमूर्तये नमः।

3 - ॐ गं ऋणहर्तायै नमः।

इनमे से किसी भी मन्त्र के नित्य कम से कम एक माला के जप से व्यक्ति को अति शीघ्र कर्जे से मुक्ति मिलती है। 1. पूर्णिमा व मंगलवार के दिन उधार दें और बुधवार को कर्ज लें। 2. कभी भूलकर भी मंगलवार को कर्ज न लें एवं लिए हुए कर्ज की प्रथम किश्त मंगलवार से देना शुरू करें। इससे कर्ज शीघ्र उतर जाता है। 3.कर्ज मुक्ति के लिए ऋणमोचन मंगल स्तोत्र का पाठ करें। 4. कर्जे से मुक्ति पाने के लिए लाल मसूर की दाल का दान दें। 5. अपने घर के ईशान कोण को सदैव स्वच्छ व साफ रखें। 6. ऋणहर्ता गणेश स्तोत्र का शुक्लपक्ष के बुधवार से नित्य पाठ करें। 7. बुधवार को सवा पाव मूंग उबालकर घी-शक्कर मिलाकर गाय को खिलाने से शीघ्र कर्ज से मुक्ति मिलती है। 8. सरसों का तेल मिट्टी के दीये में भरकर, फिर मिट्टी के दीये का ढक्कन लगाकर किसी नदी या तालाब के किनारे शनिवार के दिन सूर्यास्त के समय जमीन में गाड़ देने से कर्ज मुक्त हो सकते हैं। 9. घर की चौखट पर अभिमंत्रित काले घोड़े की नाल शनिवार के दिन लगाएं।



प्रियंका जैन
9769994439

**खबर संक्षेप**

## पटरी पर लौटी सिवान समस्तीपुर पैसेंजर ट्रेन

**मुजफ्फरपुर।** सिवान-समस्तीपुर पैसेंजर ट्रेन का परिचालन एक बार फिर से शुरू हो गया है। कोराना काल में इस ट्रेन का परिचालन बंद कर दिया गया था। लंबे अंतराल के बाद इस ट्रेन के पटरी पर लौटने से यात्रियों में खुशी है। बहुत दिनों से इस ट्रेन का परिचालन शुरू करने की लगातार मांग की जा रही थी। रेलवे बोर्ड की ओर से परिचालन की अनुमति के बाद विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेन के पहुंचते ही लोगों ने दुल्हन की तरह इसका स्वागत किया। पहले दिन सफर करने वाले यात्री भी यह दृश्य देख गदगद नजर आ रहे थे। 10 कोच वाली इस ट्रेन में प्रतिदिन दो हजार यात्री सफर कर सकेंगे। पहले दिन करीब एक हजार यात्रियों ने सफर किया। इसका किराया इतना सस्ता है कि महज 10 रुपये के टिकट पर डाउन में मुजफ्फरपुर से कर्पूरीग्राम तो अप में सराय तक की यात्रा कर सकेंगे। हाजीपुर से मुजफ्फरपुर आने के लिए बस में जहां 100-150 रुपये किराया देना पड़ता था, अब मात्र 15 रुपये खर्च कर इस ट्रेन से आरामदायक यात्रा होगी। इधर, समस्तीपुर तक भी आप 15 रुपये में ही चले जाएंगे।

## 45 हजार की रिश्वत की राशि के साथ पटवारी गिरफ्तार

**देवगांव।** तूंगा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बराला की पटवारी और ग्राम प्रतिहारी को एसीबी ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए परिवादी से 45 हजार रुपए की रिश्वत की राशि के साथ गिरफ्तार किया है। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी जयपुर ग्रामीण इकाई ने कार्रवाई करते हुए रीना सोयल पटवारी पटवार हल्का बराला अतिरिक्त चार्ज खिजूरियान ब्राह्मणान, तहसील बस्सी एवं रोडूमल ग्राम प्रतिहारी, पटवार हल्का बराला, तहसील बस्सी को परिवादी से 45 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ। रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी जयपुर ग्रामीण इकाई को शिकायत मिली कि कृषि भूमि का सीमाज्ञान कार्य करने की एवज में आरोपी पटवारी रीना सोयल द्वारा परिवादी को 45 हजार रुपए की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरविजन में एसीबी जयपुर ग्रामीण इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील सिहाग के नेतृत्व में मय टीम उप अधीक्षक पुलिस नीरज भारद्वाज एवं अन्य ने ट्रैप की कार्रवाई करते हुए आरोपी पटवारी और ग्राम प्रतिहारी को परिवादी से 45 हजार रुपए रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

# पेपर लीक पर सख्त हुई योगी सरकार

### पेपर लीक अध्यादेश को दी मंजूरी

**एजेंसी । लखनऊ**

यूपी की योगी सरकार पेपर लीक को लेकर बेहद सख्त हो गई है। इसे लेकर मंगलवार को बड़ा फैसला लिया गया। योगी कैबिनेट ने पेपर लीक अध्यादेश को मंजूरी दे दी है। अब पेपर लीक में उम्रकैद तक की सजा और एक करोड़ रुपए तक का जुर्माने का प्रावधान कर दिया गया है। अब इस अध्यादेश को विधानसभा में रखा जाएगा। वहां से पास होने के बाद राज्यपाल की मंजूरी के बाद कानून का रूप ले लेगा। इसके अलावा महिला, बच्चों और गैंगस्टर से जुड़े मामलों में अग्रिम जमानत की प्रक्रिया कठिन करने पर भी कैबिनेट ने मुहर लगाई है।

### उम्रकैद का प्रावधान, एक करोड़ जुर्माना



नए अध्यादेश के अनुसार सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों, पेपरलीक को रोकने, साल्वर गिरोह पर प्रतिबंध लगाने के लिए उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अध्यादेश- 2024 को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। यह अध्यादेश सभी सार्वजनिक सेवा भर्ती परीक्षा, नियमितीकरण या पदोन्नति परीक्षा, डिग्री डिप्लोमा, प्रमाण-पत्रों या शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की प्रवेश परीक्षा पर भी लागू होगा। इसके तहत फर्जी प्रश्नपत्र बांटना, फर्जी सेवायोजन वेबसाइट चलाने पर भी सजा होगी। अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर 2 साल से लेकर आजीवन कारावास की सजा और एक करोड़ तक के जुर्माने पर प्रावधान किया गया है। इसके अलावा अगर परीक्षा प्रभावित होती है तो उस पर हुए खर्च को भी सॉल्वर गिरोह, परीक्षा में गड़बड़ी करने संस्था/व्यक्ति से वसूला जाएगा। ऐसी संस्थाओं को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। अध्यादेश में संपत्ति की कुर्की का भी प्रावधान है। इस अधिनियम के तहत आने वाले सभी अपराध संज्ञेय, गैर जमानतीय और सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय बनाए गए हैं। जमानत के संबंध में भी कठोर प्राविधान किए हैं।

## पेपर लीक लोकसभा चुनाव में बना था बड़ा मुद्दा

पेपर लीक का मामला लोकसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा बना था। यूपी की मुख्य विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने पेपर लीक को अपनी हर चुनावी सभा में उठाया था। मंगलवार को सपा कार्यकर्ताओं ने पेपर लीक को लेकर लखनऊ में विरोध प्रदर्शन भी किया। नीट पेपर लीक को लेकर हुए प्रदर्शन के दौरान परीक्षा रद्द करने और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की गई। सपा की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं ने लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय से नारेबाजी करते हुए विक्रमादित्य मार्ग तक विरोध मार्च निकाला, जहां वह पुलिस के लगाए गए अवरोधकों पर चढ़ गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हल्का लाठीचार्ज किया और कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर प्रदर्शन स्थल से दूर छोड़ दिया।

# नीट पेपर लीक मामले में CBI की जांच तेज

### वरिष्ठ अधिकारियों की टीम पहुंची EOU कार्यालय

**एजेंसी । पटना**

नीट पेपर लीक मामले की जांच की जिम्मेदारी सीबीआई को दिए जाने के बाद मंगलवार को दिल्ली से सीबीआई की एक टीम पटना पहुंची। सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारी बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंचे, जहां से मामले की जांच की जा रही थी। इससे पहले सोमवार को सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले को टेकओवर किया था। जानकारी के अनुसार, पटना पहुंची सीबीआई की टीम ने सीबीआई कार्यालय में पटना एसएसपी और ईओयू एडीजी के साथ बैठक की। जहां मामले से जुड़े अहम बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके बाद सीबीआई की चार सदस्यीय टीम कुछ दस्तावेज लेकर ईओयू कार्यालय पहुंची। कुछ देर बाद सीबीआई की टीम कार्यालय से बाहर निकल गई। सीबीआई ने आर्थिक अपराध इकाई की जांच के आधार पर मामले में अपनी जांच शुरू कर दी है।

### सोमवार को ही सीबीआई ने टेकओवर किया था केस


इससे पहले सोमवार को भी सीबीआई की दो सदस्यीय जांच टीम पटना पहुंची थी। दोनों अधिकारी आईओयू के कार्यालय पहुंचे थे और केस टेकओवर करते हुए अब तक की जांच रिपोर्ट अपने कब्जे में ली थी। ईओयू ने अपनी जांच के आधार पर अब तक इस मामले में आधिकारिक तौर पर 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लेकिन चर्चा है कि अब तक 24 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

**अजब गजब उत्तर प्रदेश**

# ग्रामीणों ने घर में बंदकर प्रेमी-प्रेमिका की करा दी शादी

### आधी रात प्रेमिका से मिलने पहुंचा था प्रेमी

**एजेंसी । बरेली**



यूपी के बरेली में एक युवक रात के अंधेरे में अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर पहुंच गया। उसे घर में जाता देख ग्रामीणों ने बाहर से दरवाजे की कुंडी लगा दी। सूचना पर प्रेमिका के माता-पिता रात में ही गांव पहुंच गए। जहां दोनों पक्षों में पंचायत के बाद प्रेमी युगल शादी करा दी गई।

### पूरा मामला समझें

ये घटना नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाली एक किशोरी कक्षा 11वीं की छात्रा है। उसके मां-बाप उत्तराखंड के रुद्रपुर में नौकरी करते हैं। वह गांव में अपनी छोटी बहन के साथ रहती है। नवाबगंज के ही एक गांव में रहने वाले एक युवक की बुआ उसके ही गांव में रहती है। जिसके घर आने जाने के दौरान उसका उससे प्रेम संबंध हो गया। वह रात के अंधेरे में उससे मिलने के लिए उसके घर जाता था। रविवार रात वह उससे मिलने के लिए उसके घर पहुंच गया। उसे घर के दरवाजे के अंदर घुसता देख ग्रामीणों ने बाहर से दरवाजे की कुंडी लगा उसे घर के अंदर बंधक बना दिया। नाराज ग्रामीणों ने वहां हंगामा काटने के बाद उसके माता-पिता को इसकी खबर दी। जिस पर वह रात में ही दौड़े-दौड़े घर आए।

### प्रेमिका की शादी रुकवाने के लिए प्रेमी ने उठाया खौफनाक कदम

भदोही में एक प्रेमी ने प्रेमिका की शादी रुकवाने के लिए दूल्हे और 2 बच्चों के ऊपर तेजाब से हमला कर दिया। जिससे तीनों गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं, दो दिन बाद आरोपी युवक और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। ये घटना 18 जून की है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह सभाजीत गौतम की बेटी से प्यार करता था, लेकिन लड़की के परिवार के लोग उसकी शादी जबरन सुदामा गौतम से करा रहे थे। इसे रोकने के लिये उसने बारात में सुदामा पर हमला कराने की योजना बनायी। उसके दो दोस्तों सचिन सिंह और युवराज सिंह ने बारात में पहुंचकर दूल्हे पर तेजाब उड़ेल दिया।

# किशोरी के साथ चार नाबालिग दोस्तों ने ही किया दुष्कर्म

**एजेंसी । बलिया**

यूपी के बलिया एक 14 साल की किशोरी के साथ उसके ही चार नाबालिग दोस्तों ने सामूहिक दुष्कर्म किया और घटना के बारे में किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी लड़कों की उम्र 15 से 17 साल के बीच है। पुलिस ने चार में से तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि जिले के खेजुरी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग लड़की बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र में अपने परिवार के साथ रहती है और यहीं के एक स्कूल में पढ़ती है।



### केस डायरी

बलिया कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) गिरिजेश सिंह ने बताया कि पढ़ाई के दौरान नाबालिग लड़की की एक अन्य नाबालिग लड़के से दोस्ती हो गयी और वह 21 जून की दोपहर उससे मिलने गयी थी। नाबालिग लड़की को उसका दोस्त एक मकान में ले गया। जहां पहले से उसके तीन अन्य दोस्त मौजूद थे। वहां सभी ने नाबालिग किशोरी के साथ बारी-बारी दुष्कर्म किया। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने नाबालिग लड़की को घटना के बारे में किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। नाबालिग लड़की ने आपबीती घर पर सुनवाई तो परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। लड़की के पिता घटना की जानकारी पुलिस को दी। चारों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।

### तीनों को सुधार गृह भेजा गया

मुख्य आरोपी के अलावा तीन अन्य आरोपी नाबालिगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 डी (ए) (सामूहिक दुष्कर्म) और 506 (आपराधिक धमकी) के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की सुसंगत धारा में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत तीन लड़कों को गिरफ्तार कर स्थानीय न्यायालय में पेश किया।

# बदमाशों ने महिला को मारी गोली

### लूटपाट का कर रही थी विरोध

**एजेंसी । मुजफ्फरपुर**



बेखौफ अपराधियों ने बेला औद्योगिक थाना क्षेत्र के बेला मोड़ के पास प्राइवेट कंपनी में काम करने वाली एक महिला को लूटपाट के दौरान विरोध करने पर गोली मार दी। अपराधियों ने महिला को तीन गोली मारी, जिसमें से महिला को एक गोली लगी है। गोली चलाने के बाद तीनों बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। गोलीबारी की इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर बेला थाना पुलिस के साथ-साथ मिठनपुरा थाना पुलिस भी पहुंची और तहकीकात शुरू कर दी है। घायल महिला की पहचान समृद्धि वर्मा के रूप में हुई है, जो आर्यन वर्मा की पत्नी बताई गई है। घायल अवस्था में महिला को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर की निगरानी में उसका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले पर जांच पड़ताल में जुटी है। बेला थानेदार रंजना वर्मा ने कहा कि अपराधियों ने सरेराह फायरिंग कर एक महिला को गोली मारी है। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस की टीम जांच पड़ताल कर रही है। महिला के बयान दर्ज कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## आदिवासी रेजिमेंट बनाने से सेना में मिलेगी अलग पहचानः सीएम चंपाई सोरेन

**एजेंसी । रांची**

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से झारखंड मंत्रालय में मंगलवार को भारतीय सेना के जनरल ऑफिसर, कमांडिंग-इन-चीफ (ईस्टर्न कमांड) और लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने शिष्टाचार भेंट की। सीएम ने आदिवासी रेजिमेंट बनाने की अपनी भावना से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इससे देशभर के आदिवासियों को सेना में अलग पहचान मिलेगी। आर्मी की बहाली में राज्य के आदिवासियों को अधिक से अधिक अवसर दिए जाएं। सेना इसके लिए पहले करे। सेना को उन्होंने भरोसा दिया कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से झारखंड में इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी के गठन में सरकार पूरा सहयोग करेगी।




# मुनाफे का झांसा देने वाले सलाहकारों पर सख्ती होगी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बाजार नियामक सेबी 27 जून यानी गुरुवार को होने वाली निदेशक मंडल की बैठक में करीब दो दर्जन मामलों को मंजूरी देने पर विचार कर रहा है, जिसमें वायदा और विकल्प खंड में शेयरों के प्रवेश का नया पैमाना, होल्डिंग कंपनियों के लिए अलग सूचीबद्धता समाप्ति नियम और अपंजीकृत फिनफ्लुएंसर्स यानी वित्तीय सलाहकारों पर सख्ती जैसे अहम मुद्दे भी शामिल होंगे। इनमें एक खास मुद्दा है निवेश सलाहकारों व फिनफ्लुएंसर से जुड़े नियमों में फेरबदल करना। इसके के अलावा वैकल्पिक निवेश कोषों का मूल्यांकन, ईएसजी संबंधी डिस्क्लोजर में छूट भी इस कार्य सूची में शामिल हैं।

### एफएंडओ में संशोधन पर सुझाव देने वाली समिति की बैठक



बाजार नियामक सेबी फिनफ्लुएंसर के जरिये आने वाली गलत सूचनाओं पर लगाम के पूर्व प्रस्ताव पर फैसला ले सकता है। पिछले साल सेबी ने म्युचुअल फंडों और ब्रोकरों जैसी विनियमित इकाइयों के साथ फिनफ्लुएंसर के जुड़ाव पर पाबंदी लगाने का प्रस्ताव रखा था। शोध विश्लेषकों और निवेश सलाहकारों के प्रशासनिक निकायों के लिए नियम आने के बाद नियामक आगामी बोर्ड बैठक में शुल्क संग्रह और इन इकाइयों की निगरानी के लिए नियमों को सुव्यवस्थित कर सकता है। एक सूत्र ने कहा कि डेरिवेटिव सेगमेंट के लिए एकल शेयरों पर पात्रता शर्तों में संशोधन के प्रस्ताव पर और संपर्क की जरूरत है और बोर्ड बैठक में इसे शायद मंजूरी नहीं दी जाएगी। हालांकि अगर इसे मंजूरी मिली तो पात्रता मानकों में संशोधन से वायदा एवं विकल्प में 75 नए शेयरों के प्रवेश का मार्ग खुल सकता है और इस सूची से करीब दो दर्जन मौजूदा शेयर बाहर हो जाएंगे। एफएंडओ में संशोधन पर सुझाव देने वाली समिति की बैठक शुक्रवार को हुई।

### देसी म्यूचुअल फंड को इजाजत मिलेगी


देसी म्युचुअल फंडों को कुछ निश्चित विदेशी फंडों, ईटीएफऔर यूनिट ट्रस्टों में निवेश की इजाजत पर फैसला हो सकता है, जिसका भारत में सीमित निवेश हो। ऐसी अनुमति से म्युचुअल फंडों को एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स और जेपी मॉर्गन इमर्जिंग मार्केट्स ऑपरच्युनिटीज फंड में निवेश का मौका मिलेगा। इसके अलावा मर्चेंट बैंकरों के लिए कारोबारी सुगमता के नियम आसान बनाने को भी इस हफ्ते सेबी मंजूरी दे सकता है। नियामक इंटरनेशनल प्राइवेट इक्विटी के आवेदन और एआईएफ के पास मौजूद असूचीबद्ध प्रतिभूतियों के लिए वेंचर कैपिटल वैल्युएशन गाइडलाइंस (आईपीईवी) को मंजूरी दे सकता है।

# बाजार ने बनाया 78,164 का हाई

- सेंसेक्स 712 अंक चढ़कर 78,053 पर बंद
- निफ्टी में भी 183 अंक की तेजी रही

**एजेंसी । मुंबई**

शेयर बाजार ने 25 जून को नया ऑल टाइम हाई बनाया है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 78,164 और निफ्टी 23,754 के स्तर छुआ। इसके बाद सेंसेक्स 712 अंक की तेजी के साथ 78,053 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 183 अंक की तेजी रही। ये 23,721 के स्तर पर बंद हुआ। आज बैंकिंग और फाइनेंशियल के शेयर्स में सबसे तेजी रही। श्रीराम फाइनेंस के शेयर में 3.95% और एक्सिस बैंक 3.63% की तेजी रही। वहीं मेटल, ऑटो और एनर्जी शेयर्स पर दबाव देखने को मिला।



### एशियाई बाजारों में भी रही तेजी

- एशियाई बाजार में भी आज तेजी देखने को मिली है। जापान के निक्केई में 0.95% की तेजी रही। साउथ कोरिया का कोस्पी भी 0.35% चढ़ा। वहीं, हांगकांग के हैंग सेंग इंडेक्स में 0.25% की तेजी रही।
- अमेरिकी शेयर बाजार में सोमवार को मिला-जुला कारोबार रहा। S&P 500 16.75 अंक और नैस्डैक में 192.54 अंक की गिरावट रही। वहीं, डाओ जोन्स में 260.88 अंक की तेजी रही।


## स्टेनली लाइफस्टाइल्स का IPO दो दिन में 5.31 गुना सब्सक्राइब

**एजेंसी । मुंबई**

स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड के इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO के सब्सक्रिप्शन का आज आखिरी दिन है। दो दिन में यह इश्यू टोटल 5.31 गुना सब्सक्राइब हुआ। रिटेल कैटेगरी में यह IPO 6.33 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) में 0.71 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) कैटगरी में 9.07 गुना सब्सक्राइब हुआ। 28 जून को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर लिस्ट होंगे। स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड इस इश्यू के जरिए टोटल 537.02 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 200 करोड़ के 5,420,054 नए शेयर इश्यू कर रही है। वहीं, कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए 337.02 करोड़ के 9,133,454 शेयर बेच रहे हैं।

## पीएलआई योजना के दायरे में परिधान क्षेत्र को भी लाने पर विचार : कपड़ा मंत्री

**एजेंसी । नई दिल्ली**



कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने कपड़ा उद्योग के लिए स्वीकृत 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की 'उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन' (पीएलआई) योजना का विस्तार परिधान क्षेत्र तक करने पर भी विचार कर रही है। सिंह ने यहां 'भारत अंतरराष्ट्रीय परिधान मेला' (आईआईजीएफ) को संबोधित करते हुए कहा कि कपड़ा निर्यात बढ़ाने के लिए अपार अवसर हैं और उद्योग को आने वाले वर्षों में 50 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के निर्यात का लक्ष्य रखना चाहिए। सरकार ने वर्ष 2021 में मानव-निर्मित रेशे (एमएमएफ) से बने परिधान, एमएमएफ कपड़े और तकनीकी वस्त्रों के उत्पादों का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए पांच साल की अवधि में 10,683 करोड़ रुपये के स्वीकृत परिव्यय के साथ कपड़ा क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना को मंजूरी दी थी।

## उद्योग जगत ने करों का बोझ कम करने की मांग रखी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से अप्रत्यक्ष करों के बोझ को कम करने और जरूरी होने पर शुल्क ढांचे को युक्तिसंगत बनाने का आग्रह किया। वित्त मंत्री के साथ उद्योग जगत के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों की बजट-पूर्व परामर्श बैठक लगभग दो घंटे तक चली। इसमें प्रतिनिधियों ने अपने-अपने उद्योगों के बारे में सरकार से बजट में जरूरी प्रावधान किए जाने की मांग रखी। निर्यातकों के संगठन फियो के अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने वित्त मंत्री से ब्याज समानीकरण योजना को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाने का अनुरोध भी किया। यह योजना 30 जून, 2024 तक वैध है। कुमार ने कहा, हम इस योजना को पांच साल के लिए बढ़ाने का अनुरोध करते हैं। बीते दो साल में रेपो दर 4.4 प्रतिशत से बढ़कर 6.5 प्रतिशत हो जाने से ब्याज दरें बढ़ गई हैं।

## अदानी समूह 1.3 लाख करोड़ का निवेश करेगा

**एजेंसी । अहमदाबाद**



अदानी समूह ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अपनी कंपनियों में करीब 1.3 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है। समूह के सीएफओ जुगेशिंदर रॉबी सिंह ने मंगलवार को कहा कि समूह ने कारोबार बढ़ाने के लिए अगले सात से 10 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश अनुमान को दोगुना कर दिया है। उन्होंने कहा कि समूह की बंदरगाह से लेकर ऊर्जा, हवाई अड्डा, जिंस, सीमेंट और मीडिया क्षेत्रों में कार्यरत कंपनियों में कुल निवेश का 70 प्रतिशत आंतरिक संसाधनों से जुटाया जाएगा और शेष राशि के लिए कर्ज लिया जाएगा।

## यूरोपीय संघ ने माइक्रोसॉफ्ट पर प्रतिस्पर्धा नियमों के उल्लंघन का लगाया आरोप





**एजेंसी । लंदन**

यूरोपीय संघ (ईयू) के नियामकों ने माइक्रोसॉफ्ट पर संभवतः दुर्भावनापूर्ण व्यवहार को अपनाने का आरोप लगाया है। नियामक ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट ने अपने व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले व्यावसायिक सॉफ्टवेयर 'ऑफिस' से टीम्स मैसेजिंग और वीडियोकॉन्फ्रेंसिंग ऐप को जोड़कर प्रतिस्पर्धा नियमों का उल्लंघन किया है। यूरोपीय आयोग ने कहा कि उसे चिंता है कि अमेरिकी तकनीकी दिग्गज टीम्स को ऑफिस 365 और माइक्रोसॉफ्ट 365 जैसे लोकप्रिय उत्पादों के साथ जोड़कर प्रतिस्पर्धा को बाधित कर रही है। आयोग के शीर्ष प्रतिस्पर्धा रोधी प्रवर्तक ने कहा कि उसे संदेह है कि माइक्रोसॉफ्ट ने ग्राहकों को सॉफ्टवेयर खरीदते समय टीम्स के लिए विकल्प न देकर उसे वितरण लाभ दिया।

यूरो 2024

क्रोएशिया के फुटबॉलर ने टीम को हार से बचाया, इटली 1-1 से ड्रॉ खेल नॉकआउट में

# गोल करने वाले सबसे उम्रदराज फुटबॉलर बने मोड्रिच



- 38 वर्ष 289 दिन की उम्र में क्रोएशिया के मोड्रिच ने गोल किया
- 38 वर्ष 257 दिन के ऑस्ट्रिया के इविका वास्टिक को पछाड़ा

**एजेंसी । लिपजिग**

संभवतः अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे क्रोएशिया के दिग्गज फुटबॉलर लुका मोड्रिच ने सोमवार को इतिहास रच दिया। वह इटली के खिलाफ गोल करके यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। हालांकि वह टीम को जीत नहीं दिला सके। दूसरी ओर इटली की टीम ग्रुप बी से नॉकआउट में पहुंच गई।

**वास्टिक का रिकॉर्ड तोड़ा**

इससे पहले ऑस्ट्रिया के इविका वास्टिक गोल करने वाले सबसे उम्रदराज फुटबॉलर थे। उन्होंने यूरो 2008 में पोलैंड के खिलाफ गोल किया था तब वह 38 वर्ष 257 दिन के थे। क्रोएशिया के लिए 2006 में पदार्पण करने वाले मोड्रिच 178 मैच खेल चुके हैं। उन्हें 2018 में बैलोन डि ऑर पुरस्कार भी मिला था। क्रोएशिया के तीन मैचों में दो ही अंक हैं और अब तीसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में नॉकआउट चरण में जगह बनाने के लिए उसे बाकी मैचों के नतीजों का इंतजार करना होगा। इटली का सामना अंतिम 16 में शनिवार को स्विटजरलैंड से बर्लिन में होगा।

**55वें मिनट में किया गोल**

38 वर्ष 289 दिन के मोड्रिच ने 55वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दाग टीम को बढ़त दिलाई। लेकिन इटली के मात्तिया जाकानी ने स्टॉपेज टाइम के आठवें मिनट (90+8) में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया जिससे क्रोएशिया की नॉकआउट चरण में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। अब उसे दूसरे मैचों के नतीजे पक्ष में आने की दुआ करनी होगी। मैच के अंत में दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उन्हें प्लेयर आफ द मैच पुरस्कार भी मिला लेकिन वह इसका जश्न मनाने के मूड में नहीं थे।

**स्पेन की अल्बानिया पर जीत**

डसेलडोर्फ (जर्मनी)। ग्रुप बी में ही 2008 की चैंपियन स्पेन ने अल्बानिया को 1-0 से हराया। नॉकआउट चरण में पहले ही प्रवेश कर लेने के बाद स्पेन के कोच लुईस डे ला फुएंते ने शुरुआती टीम में दस बदलाव किए। स्पेन ने 2008 के बाद पहली बार ग्रुप चरण के तीनों मैच जीते। 13वें मिनट में स्पेन के फेरान टॉरेस ने गोल किया और स्टॉपेज टाइम में गोलकीपर डेविड राया ने गोल बचाया।

# वार्नर का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का सफर खत्म

110 टी-20 में 33.43 की औसत से 3,277 रन बनाए

**एजेंसी । किंग्सटाउन**

ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डेविड वार्नर के 15 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर का मंगलवार को टी-20 विश्व कप में अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत के साथ निराशाजनक अंत हो गया। अपने अंतिम मुकाबले में भारत के खिलाफ उन्होंने छह गेंद में छह रन बनाए और अर्शदीप सिंह की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। वह सिर झुकाए मैदान से बाहर चले गए, उन्हें नहीं पता था कि यह उनका आखिरी मैच था या नहीं। अफगानिस्तान की जीत के साथ 2021 का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा।



## एक शतक और 28 अर्धशतक जड़े

- 112 टेस्ट में 44.59 की औसत से 26 शतक, 37 अर्धशतक के साथ 8,786 रन बनाए
- 161 वनडे में 22 शतक और 33 अर्धशतक की मदद से 45.30 की औसत से बनाए 6,932 रन

**पहले ही संकेत दे दिया था**

37 साल के वार्नर ने काफी पहले ही संकेत दे दिया था कि यह टी-20 विश्व कप उनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। उन्होंने नवंबर 2023 में भारत में विश्व कप फाइनल जीत के रूप में अपना आखिरी एकदिवसीय और इस साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अंतिम टेस्ट खेला था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च स्कोरर और दुनिया के सातवें सबसे सफल बल्लेबाज के रूप में टी-20 प्रारूप से संन्यास लिया। जनवरी 2009 में टी-20 मुकाबले के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 37 वर्षीय वार्नर ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच 24 जून को ग्रॉस आइलेट में भारत के खिलाफ खेला जिसमें ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। वार्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 49 शतक और 19,000 के करीब रन बनाए।



मैंने उनके कंधे पर हाथ रखा और कहा कि आज रात कुछ देर बैठो और तीनों प्रारूप में अपने अविश्वसनीय करियर पर विचार करो। हम जानते थे कि उन्होंने पिछली गर्मियों में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन आपको वैसा खिलाड़ी मिलना मुश्किल है जिसने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में डेविड वॉर्नर की तरह तीनों प्रारूप में अपनी छाप छोड़ी हो।

–रिकी पोंटिंग, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान

# मेरे विकेटों का काफी श्रेय बुमराह को : अर्शदीप



**एजेंसी । जॉर्जटाउन**

भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा है कि जसप्रीत बुमराह की सटीक गेंदबाजी से अन्य गेंदबाजों को बेहद दबाव के हालात में भी विकेट लेने का मौका मिल जाता है। अर्शदीप अब तक टी-20 विश्व कप में 11.86 की औसत और 7.41 की इकॉनॉमी रेट से 15 विकेट ले चुके हैं। दूसरी ओर बुमराह ने 11 विकेट लिए हैं लेकिन उनका इकॉनॉमी रेट 4.08 ही रहा है।

**दबाव बनाते हैं**

अर्शदीप ने सोमवार रात ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद कहा, मुझे लगता है कि काफी श्रेय जसप्रीत को जाता है क्योंकि वह बल्लेबाजों पर काफी दबाव बनाते हैं। वह तीन-चार रन ही एक ओवर में देते हैं। ऐसे में मुझे सिर्फ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है। वे मेरे खिलाफ अधिक जोखिम लेने लगते हैं और फिर विकेट मिलने के मौके बन जाते हैं। इसलिए इसका ज्यादा श्रेय जसप्रीत को जाता है। स्पिनर कुलदीप यादव तीन मैचों में सात विकेट ले चुके हैं। उनके बारे में अर्शदीप ने कहा, कुलदीप चैंपियन स्पिनर हैं। उन्हें जब भी मौका मिलता है, वह विकेट लेते हैं। वह टीम के अहम खिलाड़ी हैं और उम्मीद है कि आगे और भी विकेट लेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल के बारे में उन्होंने कहा, इस समय मैं कुछ अपेक्षा नहीं कर रहा हूं। हालात देखकर समझेंगे कि अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कैसे कर सकते हैं।

कोपा अमेरिका

## ब्राजील ने कोस्टा रिका से गोलरहित ड्रॉ खेला

**एजेंसी । इंगलवुड**

ब्राजील को कोपा अमेरिका फुटबॉल के पहले मैच में कोस्टा रिका ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। नौ बार की चैम्पियन ब्राजील ने गेंद पर नियंत्रण और विरोधी गोल पर हमलों में दबदबा बनाया लेकिन कोस्टा रिका के गोलकीपर पैट्रिक सिक्वेरा काफी मुस्तैद थे जिन्होंने तीन गोल बचाये। पहले हाफ में वीएआर चेक के बाद ब्राजील के मारकिन्होस का एक गोल अमान्य करार दिया गया । इस मैच के बाद कोलंबिया ग्रुप डी में शीर्ष पर है जिसने पराग्वे को 2 . 1 से मात दी।

# मिशन ओलंपिक: श्रुति को पछाड़ घुड़सवार अनुष ने कटाया पेरिस का टिकट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

एशियाई खेलों के पदक विजेता घुड़सवार अनुष अग्रवाल पेरिस ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अनुष ने बेहतर औसत के कारण करीबी मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़ा। भारतीय घुडसवारी महासंघ (ईएफआई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में टीम ड्रेसेज स्पर्धा का स्वर्ण और व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा का कांस्य पदक जीतने वाले अनुष को श्रुति पर तरजीह दी गई है। दोनों खिलाड़ियों के हाल के प्रदर्शन के विश्लेषण के बाद अनुष को चुना गया।

**ग्रां प्री के स्कोर की तुलना**

ईएफआई द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार पेरिस खेलों में पात्र होने के लिए राइडर और घोड़े के संयोजन को एक जनवरी, 2023 और 24 जून, 2024 के बीच दो बार न्यूनतम 67 प्रतिशत हासिल करना आवश्यक है। ईएफआई चयन मानदंडों के अनुसार यदि एक से अधिक खिलाड़ी पात्र हैं तो पिछले एक वर्ष में सर्वश्रेष्ठ चार स्पर्धाओं में से ग्रां प्री में उच्चतम औसत वाले खिलाड़ी को भाग लेने के लिए चुना जाएगा। फवाद मिर्जा ने 2020 टोक्यो खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इससे पहले इम्तियाज अनीस ने 2000 सिडनी खेलों में शिरकत की थी जबकि इंद्रजीत लांबा ने 1996 अटलांटा खेलों में हिस्सा लिया था। जितेंद्रजीत सिंह अहलुवालिया, हुसैन सिंह, मोहम्मद खान और दारया सिंह 1980 मास्को खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।



**'ड्रेसेज' में पहले भारतीय**

ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में पहली बार कोई भारतीय घुड़सवार हिस्सा लेगा। इससे पहले भारत के घुड़सवारों ने इवेंटिंग स्पर्धा में ही हिस्सा लिया है। अनुष (अपने घोड़े सर कैरामेलो ओल्ड के साथ) ने पिछले साल शुरू हुए क्वालीफिकेशन चक्र के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई और न्यूनतम पात्रता आवश्यकता (एमईआर) को चार बार पूरा किया जबकि अनुभवी श्रुति ने इस महीने दो बार एमईआर हासिल किया। उनका औसत स्कोर 67.695 प्रतिशत था जो श्रुति के 67.163 प्रतिशत से बेहतर था। ईएफआई की कार्यकारी परिषद ने अनुष को सर्वसम्मति से चुना।

# बॉलीवुड में कदम रखने को तैयार श्रीलीला



पिछले दिनों अभिनेता वरुण धवन पिता बने हैं। उनकी पत्नी नताशा दलाल ने 3 जून को हिंदुजा अस्पताल में एक प्यारी बेटी को जन्म दिया था। निजी जिंदगी के अलावा वरुण अपनी फिल्मों को लेकर भी चर्चा में हैं। फिलहाल वरुण के हाथ में कई फिल्में हैं, जिनमें एक नाम उनके पिता डेविड धवन के निर्देशन में बन रही फिल्म भी शामिल है। खबर है कि वरुण की इस फिल्म के जरिए श्रीलीला बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं।

**2 अक्टूबर, 2025 को रिलीज होगी फिल्म**

डेविड की अगली निर्देशित फिल्म से वरुण के साथ साउथ की अभिनेत्री श्रीलीला बॉलीवुड में कदम रखने के लिए तैयार हैं। बताया जा रहा है कि श्रीलीला फिल्म में वरुण की गर्लफ्रेंड की भूमिका निभाएंगी। इस फिल्म में मृणाल ठाकुर भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वरुण, मृणाल और श्रीलीला की यह फिल्म लव ट्रायंगल पर आधारित होगी। यह फिल्म 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**वरुण चौथी बार पिता डेविड की फिल्म में दिखेंगे**

वरुण ने एक बार फिर अपने पिता डेविड के साथ हाथ मिला लिया है और अब दोनों मिलकर फिर अपनी फिल्म से दर्शकों को लोट-पोट करने की पूरी तैयारी में हैं। डेविड और वरुण ने टिप्स फिल्मस से हाथ मिलाया है। रमेश तौरानी फिल्म के निर्माता हैं। डेविड-वरुण पहली बार फिल्म 'मैं तेरा हीरो' के लिए साथ आए थे। इसके बाद दोनों ने 'जुड़वा 2' में साथ काम किया और फिर वे फिल्म 'कुली नंबर 1' के लिए साथ आए।

# 'कल्कि 2898 AD' में राम गोपाल वर्मा

नाग अश्विन के निर्देशन की फिल्म 'कल्कि 2898 AD' दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देगी। प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन जैसे सितारों से सजी यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्म में से एक है। अब खबर है कि 'कल्कि 2898 AD' में निर्माता राम गोपाल वर्मा मेहमान की भूमिका में नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, निर्देशक एसएस राजामौली और अभिनेता विजय देवरकोंडा भी इस फिल्म में दिखाई देंगे।



**27 जून को रिलीज होगी फिल्म**

'कल्कि 2898 AD' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है, जो आगामी 27 जून को खत्म हो जाएगा। रिलीज से पहले यह फिल्म उपलब्धियां भी हासिल करने लगी है। एडवांस बुकिंग के मामले में फिल्म उत्तरी अमेरिका में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने टिकटों के महंगे दाम होने के बावजूद निर्माताओं ने पहले दिन की बिक्री से 25.03 करोड़ की कमाई की। यह उत्तरी अमेरिका में इस आंकड़े तक सबसे तेज पहुंचने वाली भारतीय फिल्म बन गई है।



# कैटरीना कैफ ने प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी



अभिनेत्री कैटरीना कैफ पिछले कुछ दिनों से अपनी पेशेवर जिंदगी से कहीं ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि विक्की कौशल के साथ शादी के 3 साल बाद कैटरीना मां बनने वाली हैं। हाल ही में कैटरीना का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह लंदन की सड़कों पर विक्की के साथ नजर आईं। तब से ही प्रशंसक अनुमान लगा रहे हैं कि कैटरीना मां बनने वाली हैं। अब कैटरीना की टीम ने अभिनेत्री की प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने एक बयान जारी कर कैटरीन की प्रेग्नेंसी पर चुप्पी बनाए रखी। उन्होंने लिखा, 'सभी मीडिया हाउस से अनुरोध है कि वे इस अपुष्ट खबरों और अटकलों को तुरंत बंद करें।'

# 'किल' का अनदेखा वीडियो आया सामने

छोटे पर्दे के जाने-माने अभिनेता लक्ष्य लालवानी बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। उनके करियर की पहली फिल्म 'किल' पिछले कुछ समय से लगातार चर्चा में है। फिल्म के निर्देशक की कमान निखिल नागेश भट्ट ने संभाली है। करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं। यह फिल्म 5 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इससे पहले अब निर्माताओं ने 'किल' का अनदेखा वीडियो साझा किया है, जिसमें लक्ष्य जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं।



**राघव जुयाल भी करेंगे जबरदस्त एक्शन**

करण अपने प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले फिल्म 'किल' के जरिए लक्ष्य को दर्शकों के बीच पेश करने वाले हैं। उन्होंने इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ मिलकर किया है। 'किल' में लक्ष्य की जोड़ी पहली बार तान्या मानिकतला के साथ बनी है। तान्या भी इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। राघव जुयाल भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे।

# राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' का टीजर जारी



राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'स्त्री 2' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह फिल्म साल 2018 में आई फिल्म 'स्त्री' का सीक्वल है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वैसे तो 'स्त्री 2' का टीजर फिल्म 'मुंज्या' के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हो गया है। हालांकि, निर्माताओं ने आधिकारिक रूप से 'स्त्री 2' का टीजर आज (25 जून) जारी किया है, जो हॉरर के साथ कॉमेडी से भरपूर है।

**इन फिल्मों से होगा 'स्त्री 2' का सामना**

निर्माताओं ने 'स्त्री 2' का टीजर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'इस बार चंदेरी में आजादी के दिन होंगे आतंक।' 'स्त्री 2' 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना अक्षय कुमार-तापसी पन्नू की फिल्म 'खेल खेल में' और अल्लू अर्जुन-रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पा : द रूल' से होगा। जॉन अब्राहम की फिल्म 'वेदा' भी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

न्यूज़ ब्रीफ

## कर्नाटक मिल्क फेडरेशन (KMF) ने नंदिनी ब्रांड दूध की कीमत 2 रुपए प्रति पैकेट बढ़ाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक मिल्क फेडरेशन ने मंगलवार को 26 जून से दूध की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की है। KMF ने बयान जारी कर कहा है




कि यह मौजूदा फसल का मौसम है, इसलिए सभी जिला दुग्ध संघों में दूध का भंडारण हर दिन बढ़ रहा है। वर्तमान भंडारण एक करोड़ लीटर के करीब है। इसके चलते प्रत्येक पैकेट की कीमत में 2 रुपए की वृद्धि की जा रही है। उपभोक्ताओं को 500ml और एक लीटर (1000ml) पैकेट में 50ml दूध ज्यादा दिया जाएगा। वर्तमान में नंदिनी के 500ml टोंड दूध के पैकेट की कीमत 22 रुपS है। इस बढ़ोतरी के साथ 550 ml पैकेट की कीमत अब 24 रुपए होगी। इसी तरह 1000 ml (1 लीटर) पैकेट की कीमत 42 रुपए थी और अब इसे 1050 ml के रूप में 44 रुपए में बेचा जाएगा। नंदिनी ब्रांड के तहत दूध की अन्य श्रेणियों के लिए भी कीमतें बढ़ेंगी।

## 'सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर नौ जुलाई को फैसला सुनाए हाईकोर्ट'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय से ईडी के मामले में 'आप' नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन की जमानत याचिका पर नौ जुलाई को फैसला सुनाने को कहा। जस्टिस मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि जमानत के मामलों को अनावश्यक रूप से टालना ठीक नहीं है। दरअसल, सत्येंद्र जैन ने हाईकोर्ट की ओर से उनकी जमानत याचिका पर छह सप्ताह के स्थगन के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि इसी तरह का एक मामला शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित है और इसलिए उनकी याचिका को इसके साथ लगाया जाना चाहिए।

## उदयनिधि स्टालिन की कोर्ट में पेशी, आठ अगस्त के लिए मामला स्थगित

**बंगलुरू।** तमिलनाडु के मंत्री और द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन अपनी सनातन धर्म टिप्पणी के सिलसिले में बंगलुरू की अदालत में पहुंचे। उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म टिप्पणी मामले में 42वें जन प्रतिनिधि बेंगलुरु कोर्ट ने एक वकील के अनुरोध पर मामले को 8 अगस्त के लिए स्थगित कर दिया। उन्हें एक लाख रिपये नकद मुचकले पर जमानत दी गई। तमिलनाडु में सितंबर 2023 में 'संतानम उन्मूलन सम्मेलन' आयोजित किया गया था, जिसमें कई बड़े नेता शामिल हुए थे। इस सम्मेलन से जुड़ी एक क्लिप भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसमें उनको यह कहते हुए सुना जा सकता है कि कुछ चीजें हैं जिनका हमें उन्मूलन (समाप्त) करना है और हम केवल विरोध नहीं कर सकते। मच्छर, डेंगू बुखार, मलेरिया, कोरोना, ये सभी चीजें हैं जिनका हम विरोध नहीं कर सकते, हमें इन्हें मिटाना है और सनातन धर्म भी ऐसा ही है। सनातनम को खत्म करना और उसका विरोध न करना हमारा पहला काम होना चाहिए।

दिल्ली हाईकोर्ट से झटका : जमानत देने का निचली अदालत का फैसला रद्द

# जेल में ही रहेंगे सीएम केजरीवाल

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के CM अरविंद केजरीवाल अभी तिहाड़ जेल में ही रहेंगे। हाईकोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में मंगलवार को जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि दलीलों पर सही ढंग से बहस नहीं हुई थी, इसलिए राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को रद्द करते हैं। फैसले को देखकर ऐसा लगता है कि केजरीवाल को जमानत देते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। अदालत को ED को बहस करने के लिए पर्याप्त अवसर देना चाहिए था। उधर, आम आदमी पार्टी (AAP) का कहना है, 'हम हाईकोर्ट के फैसले से सहमत नहीं हैं। हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। जमानत पर आदेश को इस तरह से नहीं रोका जा सकता, सुप्रीम कोर्ट ने भी कल यही कहा है।'



### राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को केजरीवाल को बेल दी थी

राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को केजरीवाल को बेल दी थी, लेकिन ED की याचिका पर हाईकोर्ट ने 21 जून को रोक लगा दी थी। अब कल (बुधवार को) सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सीएम की जमानत याचिका पर फैसला होगा।

### हाईकोर्ट की 5 बड़ी टिप्पणियां

1. ट्रायल कोर्ट की टिप्पणी पर विचार नहीं किया जा सकता, पूरी तरह से अनुचित है। यह दर्शाता है कि ट्रायल कोर्ट ने सामग्री पर अपना दिमाग नहीं लगाया है।
2. इस बात पर मजबूत तर्क दिया गया कि जज ने धारा 45 PMLA की दोहरी शर्त पर विचार-विमर्श नहीं किया।
3. ट्रायल कोर्ट को ऐसा कोई निर्णय नहीं देना चाहिए जो हाईकोर्ट के फैसले से उलट हो।
4. ट्रायल कोर्ट ने धारा 70 PMLA के तर्क पर भी विचार नहीं किया है।
5. कोर्ट का यह भी मानना है कि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को लोकसभा के लिए जमानत दी थी। एक बार जब उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका हाईकोर्ट से खारिज कर दी गई है, तो यह नहीं कहा जा सकता है कि कानून का उल्लंघन करके उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया था।

# दिल्ली जल संकट को लेकर आतिशी का अनशन खत्म

एजेंसी | नई दिल्ली



दिल्ली जल संकट को लेकर मंत्री आतिशी का अनशन 5वें दिन खत्म हो गया है। आतिशी की सोमवार-मंगलवार (24-25 जून) की देर रात को तबीयत बिगड़ गई थी। AAP नेताओं ने उन्हें तड़के करीब 3 बजकर 38 मिनट पर LNJP अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार सुबह संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आतिशी का अनशन अब खत्म हो गया है। उनका बल्ड शुगर लेवल 36 पहुंच गया है। यह मंगलवार देर रात 43 रिकॉर्ड किया गया था।

### ICU में हैं आतिशी

LNJP अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि आतिशी ICU में हैं। वे फिलहाल ठीक हैं। मंगलवार रात को ही उन्हें भर्ती होने की सलाह दी गई थी, लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं मानी थी। आतिशी दिल्ली जल संकट को लेकर 21 जून से जंगपुरा के भोगल में अनशन पर बैठी थीं। उनकी हरियाणा से 100 MGD पानी भेजे जाने की मांग है। हरियाणा से संधि के तहत 613 mgd पानी भेजना होता है। आतिशी ने दावा किया था कि हरियाणा सरकार केवल 513 MGD पानी ही भेज रहा है। इससे कारण दिल्ली के 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है।

# जम्मू से वैष्णो देवी मंदिर तक हेलीकॉप्टर सेवा शुरू



एजेंसी | कटरा/जम्मू

जम्मू से माता वैष्णो देवी मंदिर तक सीधी हेलीकॉप्टर सेवा मंगलवार को शुरू हो गई। इससे समय की कमी के कारण एक दिन के भीतर ही माता के दर्शन की इच्छा रखने वालों को काफी सुविधा होगी। यह सेवा रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित प्रसिद्ध मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आधार शिविर और सांझी छत के बीच पहले से उपलब्ध हेलीकॉप्टर सेवा के अतिरिक्त है। नई सेवा की शुरुआत पर तीर्थयात्रियों को लेकर पहला हेलीकॉप्टर सुबह 11 बजे जम्मू हवाई अड्डे से रवाना हुआ और मंदिर के नए मार्ग पर पंछी हेलीपैड पर उतरा।

### 35 व 60 हजार का पैकेज

जम्मू से हेलीकॉप्टर सेवा के लिए तीर्थयात्रियों के पास दो पैकेज के विकल्प उपलब्ध होंगे। इसमें उसी दिन वापसी के लिए प्रति यात्री 35,000 और अगले दिन वापसी के लिए प्रति व्यक्ति 60,000 रुपये लगेंगे।

### बैटरी कार, रोपवे व विशेष प्रार्थना भी

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग ने बताया कि पहले पैकेज में पंछी से भवन तक बैटरी कार सेवा, दर्शन व भैरव मंदिर तक रोपवे का टिकट शामिल है। दूसरे पैकेज में विशेष प्रार्थना में भाग लेने की सुविधा दी गई है। मालूम हो कि पहले से जारी हेलीकॉप्टर सेवा में एक तरफ का किराया 2,100 रुपये प्रति व्यक्ति है।

आरएसएस नेता श्रीनिवासन हत्या प्रकरण

# PFI के 17 आरोपियों को राहत

**हाईकोर्ट ने दी सशर्त जमानत**

एजेंसी | कोच्चि

केरल उच्च न्यायालय ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 17 सदस्यों को सशर्त जमानत दे दी है। इन सभी पर वर्ष 2022 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता श्रीनिवासन की हत्या का आरोप था। बता दें कि श्रीनिवासन की हत्या केरल के पलक्कड़ में की गई थी।




### 17 आरोपियों को मिली सशर्त जमानत

न्यायमूर्ति ए के जयशंकरन नांबियार और स्याम कुमार की पीठ ने एनआईए की विशेष अदालत के फैसले को भी सही ठहराया। दरअसल एनआईए की विशेष अदालत ने इस हत्याकांड से जुड़े पीएफआई के नौ सदस्यों को राहत देने से इनकार कर दिया था। केरल उच्च न्यायालय में श्रीनिवासन हत्याकांड से जुड़े कुल 26 आरोपियों ने जमानत के लिए अर्जी लगाई थी क्योंकि एनआईए की विशेष अदालत ने उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया था।

### इन शर्तों का पालन करना होगा


हाईकोर्ट ने अपील पर सुनवाई करते हुए 26 में से 17 आरोपियों सशर्त जमानत दी है। अदालत ने कहा है कि सभी को अपने मोबाइल नंबर और जीपीएस लोकेशन को जांच अधिकारियों के साथ साझा करना होगा। इसके अलावा आरोपी किसी भी हाल में केरल छोड़कर नहीं जाएंगे। सभी को अपने पासपोर्ट और पुलिस अधिकारियों को सौंपने होंगे। साथ ही, सभी को हर समय अपना मोबाइल फोन सक्रिय रखना होगा।

### एनआईए को सौंपी गई थी जांच

आपको बता दें कि 16 अप्रैल वर्ष 2022 को केरल के पलक्कड़ में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या की गई थी। शुरुआत में इस मामले में कुल मिलाकर 51 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इनमें से एक आरोपी की मौत हो गई थी और सात आरोपियों को पकड़ा नहीं जा सका क्योंकि वे फरार हो गए थे। इसके बाद इसी वर्ष सितंबर महीने में एनआईए को इस मामले की जांच सौंपी गई थी।

# प्रधानमंत्री मोदी के रूस दौरे की संभावना पर विचार शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय और रूसी अधिकारी जुलाई की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संक्षिप्त रूस दौरे की संभावनाओं पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। इस दौरे की योजना वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए बनाई जा रही है। राजनयिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



### सितंबर 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था रूस का दौरा

सितंबर 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस का दौरा किया था। भारत ने प्रधानमंत्री के संभावित दौरे को लेकर कोई पुष्टि नहीं की है, लेकिन रूसी मीडिया ने क्रेमलिन के एक अधिकारी के हवाले से खबर दी है कि मोदी के रूस दौरे को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। आरआईए नोवोस्ती समाचार एजेंसी के मुताबिक, क्रेमलिन के अधिकारी यूरी उशाकोव ने कहा, मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि हम भारतीय प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियां कर रहे हैं। अगर मोदी रूस जाते हैं तो वह और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तीन वर्षों के अंतराल के बाद भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे। भारत के प्रधानमंत्री और रूस के राष्ट्रपति के बीच यह वार्षिक शिखर सम्मेलन दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में उच्चस्तरीय संस्थागत संवाद तंत्र है। अब तक भारत और रूस के बीच 21 वार्षिक शिखर सम्मेलन हुए हैं। पिछला शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में छह दिसंबर 2021 को आयोजित किया गया था। तब राष्ट्रपति पुतिन शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आए थे।

# CM विजयन और उनके दामाद पर पार्टी के विधायक ने साधा निशाना



एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

केरल में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के दामाद और पर्यटन राज्य मंत्री पीए मोहम्मद रियास अपनी ही पार्टी के एक विधायक के निशाने पर आ गए हैं। CPM विधायक कडकमपल्ली सुरेंद्रन ने रियास के खिलाफ अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधा है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में पिनाराई विजयन के नेतृत्व में सत्तारूढ़ CPM के नेतृत्व वाले लेफ्ट को राज्य की 20 में से केवल एक सीट मिली। इसके बाद से पिनाराई विजयन पार्टी के भीतर और सहयोगी दल, दोनों से आलोचना झेल रहे हैं और उनके भविष्य को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है।

### रियास ने काफी तेजी से चढ़ी सियासी सीढ़ी

बता दें कि सुरेंद्रन और पहली बार विधायक बने रियास के बीच संबंध बहुत अच्छे नहीं हैं। यह कुछ समय पहले विधानसभा में भी देखने को मिला था। सोमवार को यह बात फिर सामने आई, जब सुरेंद्रन ने पर्यटन विभाग के कामकाज के तरीके पर सवाल उठाए। हालांकि, अपने जवाब में रियास ने सुरेंद्रन की ओर से उठाए गए मुद्दे को दरकिनार कर दिया। जून 2020 में विजयन की बेटी वीणा विजयन से शादी करने के बाद पार्टी में रियास का दर्जा काफी बढ़ गया। उन्होंने CPM के गढ़ बेपोर निर्वाचन क्षेत्र से 2021 का विधानसभा चुनाव भी जीता। जब कैबिनेट का गठन हुआ, तो उन्हें लोक निर्माण और पर्यटन राज्य मंत्री बनाया गया जिसकी वजह से भी नाराजगी देखने को मिली। सरकार में प्रमुख पद पर आसीन होने के बाद नाराजगी तब और बढ़ गई जब उन्हें CPM की केरल इकाई के 17 सदस्यीय राज्य सचिवालय में शामिल कर लिया गया। इसके बाद से पार्टी में बहुत से लोग खुश नहीं थे।

## वाईएसआरसीपी के जिला कार्यालयों को निर्माण की वैधता को लेकर नोटिस

**अमरावती।** आंध्रप्रदेश के ताडेपल्ली में युवजन श्रमिक रायथु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को ध्वस्त करने के बाद पार्टी के



कई जिला कार्यालयों को निर्माण की वैधता को लेकर नोटिस मिलने लगे हैं। वाईएसआरसीपी ने एक नोटिस साझा किया जो उसे विजयनगरम जिला कार्यालय की वैधता को लेकर सोमवार की रात में नगर निगम से मिला। नोटिस में सात दिन के अंदर निर्माण से संबंधित दस्तावेज और उचित जवाब भेजने का निर्देश दिया गया है। विजयनगरम नगर निगम ने चेतावनी दी है कि जवाब नहीं मिलने की स्थिति में 'इसे जानबूझकर किया जाने वाला अपराध माना जाएगा तथा कार्रवाई की जाएगी।' इसी तरह का नोटिस वाईएसआरसीपी के अन्य जिला कार्यालयों को भी भेजा गया है।

असम ग्रामीण विकास बैंक धोखाधड़ी मामला

# तीन प्रबंधकों समेत चार पर सीबीआई ने दर्ज किया मामला

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने असम ग्रामीण विकास बैंक में कार्यरत तीन तत्कालीन सहायक प्रबंधकों और एक तत्कालीन कार्यालय सहायक (बहुउद्देश्यीय) सहित चार आरोपियों के खिलाफ आपराधिक साजिश रचने और धोखाधड़ी से बैंक को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान प्रशांत बोरा, तत्कालीन सहायक प्रबंधक, प्रियंक्षु पल्लभ गोगोई, तत्कालीन सहायक प्रबंधक, सोहन दत्ता, तत्कालीन सहायक प्रबंधक और सत्यजीत चालिहा, तत्कालीन कार्यालय सहायक (बहुउद्देश्यीय) के रूप में हुई है। सभी असम के




जोरहाट जिले में माधापुर शाखा के असम ग्रामीण विकास बैंक में कार्यरत थे। आरोप है कि उक्त षडयंत्र के अनुसरण में, आरोपी ने बेईमानी और धोखाधड़ी से, फर्जी स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) ऋण खातों में धनराशि स्वीकृत और वितरित की तथा उससे प्राप्त राशि को आरोपियों में से एक, तत्कालीन सहायक प्रबंधक के बचत बैंक खाते और अन्य बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया। इस प्रकार आरोपियों ने बैंक को कथित रूप से 8.28 करोड़ रुपये (लगभग) का गलत नुकसान पहुंचाया और खुद को इसी अनुपात में लाभ पहुंचाया। सीबीआई ने असम में सात स्थानों पर तलाशी ली, जिसमें जोरहाट, तिनसुकिया और डिब्रूगढ़ में आरोपियों के आवासीय और आधिकारिक परिसर तथा पश्चिम बंगाल में एक स्थान शामिल है, जहां से आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। मामले को लेकर लगातार जांच जारी है।

**खोज** चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र में पहुंचने व नमूने एकत्र करने में चांग'ए 6 को मिली सफलता

# चांद से मिट्टी और चट्टान लेकर आया चीन का यान

एजेंसी | बीजिंग

चीन का चांग'ए 6 अंतरिक्ष यान पहली बार चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र से चट्टान व मिट्टी के नमूने एकत्र करने का ऐतिहासिक मिशन पूरा करने के बाद मंगलवार को पृथ्वी पर लौट आया। यह चीन के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम में की बड़ी उपलब्धि है। चीन राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने घोषणा की कि यान मंगलवार की दोपहर चीन के इनर मंगोलियाई स्वायत्त क्षेत्र में उतरा। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस मिशन की सफलता पर वैज्ञानिकों को बधाई दी। चीन का यह अभियान चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र तक पहुंचने और वहां से नमूने एकत्र करने वाला पहला अभियान है। इससे पहले भारत अगस्त 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया था। भारत का चंद्रयान-3 का लैंडर सफलतापूर्वक वहां उतरा था। पृथ्वी के इकलौते उपग्रह चंद्रमा का यह वह हिस्सा है जिसके बारे में अभी दुनिया को अधिक जानकारी नहीं है।



### इसलिए बड़ी उपलब्धि

चीन चंद्रमा के सुदूर हिस्से में उतरने वाला इकलौता देश है। इससे पहले उसने 2019 में ऐसा किया था। चंद्रमा का निकटतम भाग चंद्र गोलार्ध है जो हमेशा सुदूर भाग के विपरीत यानी पृथ्वी की ओर होता है। माना जाता है कि चंद्रमा के सुदूर भाग पर पर्वत व गड्ढे हैं, जो निकटतम भाग पर दिखायी देने वाली अपेक्षाकृत सपाट सतह से अलग है।

### चांद की उत्पत्ति का पता लगाएंगे

चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज के वैज्ञानिक यांग वेई ने कहा कि चांग'ए 6 मिशन मानव चंद्र शोध के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे चंद्रमा की उत्पत्ति के बारे में और जानकारियां मिलेंगी। वहीं, सीएनएसए ने बताया कि इस अंतरिक्ष यान को विमान से बीजिंग ले जाया जाएगा। वैज्ञानिकों का एक दल नमूनों का भंडारण करेगा। इन नमूनों का विश्लेषण चीनी अनुसंधानकर्ता करेंगे। इससे पहले भी चीन के चांग'ए 5 ने चंद्रमा के निकटतम भाग से नमूने एकत्र किए थे।

### देवी के नाम पर चांग'ए-6

चांग'ए चंद्र मिशन का नाम चीन की पौराणिक चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया है। एक ऑर्बिटर, एक रिटर्नर, एक लैंडर और एक आरोहक के साथ चांग'ए 6 मिशन को इस साल तीन मई को प्रक्षेपित किया गया था। चांग'ए-6 इतिहास में पहली बार दक्षिणी ध्रुव-एटकेन बेसिन नामक एक विशाल गड्ढे में दो जून को उतरा और नमूने एकत्र किए। इसके बाद पृथ्वी के लिए रवाना हुआ।

### अंतरिक्ष में चीन का लक्ष्य

चीन की भविष्य में चंद्रमा पर स्टेशन स्थापित करने की योजना है। उसका उद्देश्य 2030 से पहले चंद्रमा पर मनुष्य भेजना है। पूर्व में उसने चंद्रमा पर मानवरहित मिशन सफलतापूर्वक भेजे हैं, जिसमें रोवर उतारना भी शामिल है। चीन ने मंगल ग्रह के समीप भी एक रोवर भेजा और एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाया है, जो अभी काम कर रहा है।

# 'अति-रूढ़िवादी यहूदियों को सेना में भर्ती करना शुरू करें'

- **इजराइल के सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला**
- **गाजा में जारी युद्ध नौवें महीने में प्रवेश कर गया है**

**यरूशलम।** इजराइल के उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि सेना को अति-रूढ़िवादी समूह (अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स) से जुड़े लोगों को सैन्य सेवा में भर्ती करना शुरू कर देना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह फैसला ऐसे समय में सुनाया है जब गाजा में जारी युद्ध नौवें महीने में प्रवेश कर गया है और युद्ध में शहीद होने वाले सैनिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स यहूदियों का एक समूह है, जिसे सेना में शामिल होने से छूट प्राप्त है।

न्यायालय ने फैसला सुनाया कि यहूदी विद्यार्थियों और अन्य भर्ती किये गये लोगों के बीच अंतर करने वाले कानून के अभाव में इजराइल की अनिवार्य सैन्य सेवा प्रणाली अन्य नागरिकों की तरह अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स से जुड़े लोगों पर भी लागू होती है। इजराइल में लंबे समय से चली आ रही व्यवस्था के तहत अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स से जुड़े पुरुषों को इस व्यवस्था से छूट दी गई है जो कि



अधिकांश यहूदी पुरुषों और महिलाओं के लिए अनिवार्य है। ये छूट लंबे समय से धर्मनिरपेक्ष जनता के बीच गुस्से का कारण रही है और युद्ध के दौरान लोगों का गुस्सा और भी बढ़ गया है।